रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

नई दिल्ली।। सोमवार 19 अगस्त -2024 | वर्ष : 8 अंक : 310 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3









# इस बार की राखी मांगे बलात्कारियों की फांसी



गौरव शशि नारायण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पश्चिम बंगाल में जिस तरीके से महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या की गई है, उसके विरोध की आवाज पूरे विश्व में गूंज रही है। कोई इस तरीके के जघन्य अपराध करने वाले को मृत्यु दंड देने की मांग कर रहा है। तो रक्षाबंधन के अवसर पर आरोपियों को फांसी दिए जाने की आवाज उठा रहा है। रविवार को दैनिक करंट क्राइम ने गाजियाबाद की प्रमुख महिलाओं से अलग-अलग वर्ग की हिस्सेदारी करती हैं, उनसे बातचीत की और इस मामले पर राय ली। तो उन्होंने भी एक ओर कहा है कि कोलकात्ता में जिस प्रकार से महिला डॉक्टर के साथ कृत्य किया गया और उसकी हत्या की गई, ऐसे मामले के आरोपियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। ऐसे आरोपियों के लिए सरकार और सुप्रीम कोर्ट जैसी संस्थाओं को तत्काल फैसला लेते हुए फांसी की सजा देनी चाहिए। आज जब भारत की बेटियां खेल के मैदान से लेकर राजनीति के क्षेत्र और स्पेस जैसे सफल आयोजनों में भूमिका निभा रही है, तो वह अपने सभ्य समाज के आसपास ही क्यों सुरक्षित नहीं है। कोई कहता है कि इन आरोपियों को अपना मेहमान बनाकर जेल में ना रखा जाए। ऐसे लोगों को सरेराह फांसी दी जानी चाहिए। तो वही राजनीतिक क्षेत्र की महिलाएं कहती हैं कि ऐसे मामलों में कोई भी आरोपियों की हिमायत ना करें। आरोपी आरोपी होता है, उसपर सख्त एक्शन लिया जाना चाहिए। वहीं घरेलू महिलाओं से लेकर अधिवक्ता और सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं का भी कहना है कि ऐसे दुष्कर्म और हत्यारों के लिए किसी को कोई सिंपैथी नहीं रखनी चाहिए। ऐसे लोगों की सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है। ऐसे लोगों पर कानून का शिकंजा कसा जाना चाहिए और फांसी से भी बड़ी सजा ऐसी आरोपियों को दी जानी चाहिए।

# महिलाओं ने एकसुर में कहा दुष्कर्म के आरोपियों को मिले सजा-ए-मौत

## आरोपी को मिले फांसी और सामाजिक लोग भी उठाएं जिम्मेदारी : डा. उदिता त्यागी



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी की नेता डा. उदिता त्यागी का कहना है कि देश में पहले भी बलात्कार कांड हुए हुए हैं, लेकिन कोलकात्ता में हुई घटना निंदनीय है। इस केस के सभी आरोपियों को निश्चित रूप से फांसी मिलनी चाहिए। साथ ही हमें सामाजिक जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए कि ऐसे दरिंदों को फांसी दिलवाने के लिए समाज एक साथ आगे आए। निर्भया जैसा कांड होने के बावजूद भी महिलाओं के साथ बलात्कार, हत्या और यौन शोषण के मामले कम नहीं हो रहे हैं। जब कोई घटना होती है, तो सारा समाज और व्यवस्था एकजुट हो जाती है, लेकिन फिर हम सब कहीं ना कहीं खो जाते हैं और आरोपी इसका लाभ उठा ले जाते हैं।

## नारी तुम अब शस्त्र उठा लो, अब गोविंदा ना आएंगे: रत्ना पांडेय



करंट क्राइम : कांग्रेस पार्टी पीसीसी सदस्य रत्ना पांडेय का कहना है कि मानवता एक बार फिर शर्मसार हुई है। आत्मा को हिला देने वाली इस वीभत्स घटना पर जिस तरीके से राजनीति का मुद्दा भाजपा बना रही है, वह ज्यादा पीड़ादायक है। महिलाओं के प्रति मोदी सरकार की संवेदनशीलता का नतीजा है कि बलात्कार की घटनाओं में निरंतर इजाफा देखने को मिल रहा है। जब तक बलात्कारियों को मणिपुरी, कोलकाता, बिहार, यूपी में बताकर देखा जाएगा तब तक महिलाओं को न्याय मिलना नामुमकिन है। यह कृत्य विकसित भारत के सपने पर सवाल है। वहीं मानसिकता पर जोरदार सवाल भी है। आज देश में कोई ना कोई बेटी वहसीपन की भेंट चढ़ती रहती है। कोलकात्ता की निर्भया हो या हाथरस की बेटी, बिहार की नाबालिक गुढ़िया हो, देश उनकी रक्षा में असफल रहा है। इसलिए रक्षाबंधन के पर्व पर भारत की हर बेटी के लिए सिर्फ एक ही संदेश देना है। नारी तुम अब शस्त्र उठा लो ,अब गोविंदा ना आएंगे।

## देश का असली विकास तभी होगा जब महिलाएं सुरक्षित रहेगी : आयुषी त्यागी



करंट क्राइम : मीडिया के पेशे से जुड़ी आयुषी त्यागी का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए इस रक्षाबंधन के पर्व को हर भाई बहन को यह शपथ लेनी चाहिए कि दुनिया के किसी भी कोने में यदि किसी महिला के साथ गलत हो रहा है, तो उसके लिए आवाज उठाएं। हर घर में खासकर पुरुषों को अपने बच्चों को बेड टच-गुड टच सीखने होंगे। देश में बदलाव लाने के लिए काफी लंबी लड़ाई लड़नी होगी लेकिन उस लड़ाई के लिए हमें अपने घरों में महिलाओं को स्वयं तैयार करना होगा। देश का असली विकास तभी होगा, जब महिलाएं सुरक्षित होगी। दुष्कर्म करने वालों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

## महिलाओं का सुरक्षित ना होना, पूरे सिस्टम का फेलियर : जया



करंट क्राइम : इंदिरापुरम में रहने वाली सामाजिक कार्यकर्ता जया का कहना है कि निर्भयाकांड के बाद भी ऐसी घटना सरकार के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है, अगर आज भी महिला सुरक्षित नहीं है, तो यह पूरे सिस्टम का फेलियर है। कोलकात्ता जैसी घटना का होना बताता है कि समाज में आज भी कितना अपराध है और महिलाओं को कैसे पुरुष अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे शिकारी और हत्यारों को तत्काल फांसी की सजा मिलनी ही चाहिए।

## दुष्कर्मियों को मिलनी चाहिए फांसी की सजा : प्रियंका सिंह



**करंट क्राइम :** इंदिरापुरम स्थित जिजीविषा सोशल वेलफेयर सोसाइटी की प्रमुख प्रियंका सिंह का कहना है कि जिस तरीके की घटना कोलकात्ता में सामने आई है, ऐसे आरोपियों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। साथ ही महिलाओं के साथ दुष्कर्म और फिर उनकी हत्या करने वाले आरोपियों को देशभर में जल्द से जल्द सामाजिक रूप से फांसी की सजा दी जाए ताकि कोई भी दरिंदा निकट भविष्य में इस प्रकार की गलती ना कर सके।

## कोलकाता की घटना भारत के लिए शर्मनाक : दीप्ति अरोड़ा



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता दीप्ति अरोड़ा का कहना है कि जिस तरीके से कोलकात्ता की घटना हुई है, वह भारत जैसे देश के लिए शर्मनाक करने वाली घटना है। जिस तरीके से एक महिला डॉक्टर के साथ उसी के कार्यक्षेत्र में पहले उसका दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या की गई है, यह भी बड़ा हैरान करने वाला है। जब महिला अपने आसपास के रहने वाले लोगों के बीच में ही सुरक्षित नहीं है, तो सुरक्षा के लिए उसे कौन सी ट्रेनिंग देनी होगी।

## दुष्कर्मियों को पाला न जाए, जल्द सजा दी जाए : शीतल चौधरी



करंट क्राइम : कोलकात्ता में जिस तरीके से महिला डॉक्टर के साथ पहले उसका दुष्कर्म और फिर हत्या का मामला सामने आया है, उसपर भारतीय जनता पार्टी की पार्षद शीतल चौधरी का कहना है कि ऐसे मामले के आरोपियों को 5-10 साल के लिए पाला ना जाए। ऐसे आरोपियों पर सरकार और कोर्ट ऐसा फैसला ले कि इनको तत्काल फांसी की सजा दी जाए। फांसी की सजा भी इस प्रकार से दी जाए ताकि यह एक नजीर पेश हो और लोग भविष्य में ऐसे अपराध करने से पहले हजार बार सोंचे। महिला अपराध लगातार बढ़ रहा है और यह कहीं ना कहीं ऐसे आरोपियों को सजा में मिलने वाली देरी की वजह से हो रहा है।



## महिला अपराध की गाजियाबाद में स्थिति

| वर्ष 2022-23 | |
|---|---|
| दहेज हत्या | 41 |
| दुष्कर्म | 85 |
| शीलभंग | 175 |
| अपहरण | 46 |
| छेड़खानी | 16 |
| उत्पीड़न | 667 |
| कुल मामले | 1000 |

| वर्ष 2023-2024 | |
|---|---|
| दहेज हत्या | 25 |
| दुष्कर्म | 104 |
| शीलभंग | 159 |
| अपहरण | 31 |
| छेड़खानी | 07 |
| उत्पीड़न | 451 |
| कुल मामले | 774 |

## जिसने एक घर की राखी और बेटी को छीना, उनको मौत की सजा मिले : कनिका कपूर



करंट क्राइम : कोलकात्ता में जिस तरीके से दरिंदों द्वारा एक बहन और बेटी की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या की गई उन्होंने न सिर्फ एक घर की खुशियां छीनी हैं बल्कि समाज को कलंकित करने का काम किया है। ऐसे आरोपियों को फांसी दी जानी चाहिए। जिन्होंने एक घर की बेटी को मार डाला है। कनिका कपूर का कहना है कि ऐसे लोगों के लिए ना सरकार ना न्यायालय और ना ही किसी अन्य संगठनों को पैरवी करनी चाहिए। ऐसे लोगों की एक ही सजा है, सजा- ए- मौत।

## कोलकात्ता जैसी घटना, देश की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनामी है : सोनल नागर



करंट क्राइम : कांग्रेस पार्टी की महिला इकाई की अध्यक्ष सोनल नागर का कहना है कोलकात्ता पश्चिम बंगाल के मेडिकल कॉलेज में हुई घटना ने सभ्य समाज के मुंह पर करारा तमाचा मारा है। ऐसी घटनाएं संपूर्ण समाज को तोड़ने वाला है। देश की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय बदनामी है, ऐसी घटनाओं पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। अपराधियों को दंडित किया जाना चाहिए। भविष्य में ऐसी घटना ना हो, इस पर चिंतन मनन करने की योजना बनी चाहिए । नैतिकता का पूरी तरीके से समाज के हर स्तर पर ध्यान रखा जाना चाहिए। तुरंत विद्यालयों में नैतिक मूल्यों को सीखने का प्रबंध करना चाहिए। सभी संवेदनशील स्थानों पर पूरी तरीके से सीसीटीवी लगवाने चाहिए और इस प्रकार की घटना पर बहुत बड़ी और कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## सरकार दे खुलेआम फांसी की सजा : शालू पांडे



करंट क्राइम : कोलकात्ता में जिस तरीके की घटना हुई है, उसपर सामाजिक कार्यकर्ता शालू पांडे का कहना है कि रक्षाबंधन पर देशभर की बहनों को सामूहिक रूप से सरकार और न्यायालय से गुहार लगानी चाहिए कि इस पूरे मामले के आरोपियों को बख्शा ना जाए। उनको सामूहिक फांसी दी जाए। यह कृत्य बिल्कुल भी क्षमा योग्य नहीं है। दुष्कर्म के आरोपियों पर लगातार सख्ती कर सजा होनी चाहिए। देश में पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं, पर महिलाओं के साथ होने वाला दुष्कर्म और हत्याओं के होने का सिलसिला थम नहीं रहा है।

## लड़कियां आज भी सेफ नहीं हैं : एडवोकेट शबनम खान



करंट क्राइम : कोलकात्ता में हुए दुष्कर्म और फिर निर्मम हत्या के मामले में बार एसोसिएशन गाजियाबाद की उपाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता शबनम खान का कहना है कि इस केस में मेडिकल में देरी अपराधियों को पकड़ने में देरी करावएगी। मतलब साफ है की इस पूरे मामले में पुलिस ने जिस तरीके की कार्रवाई और अपराधियों को रेप केस में मुकदमा दर्ज करना था, उसमें कहीं ना कहीं लापरवाही बरती है। भले रेप का केस है, तो मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में ही चलेगा और जघन्य अपराध है, तो इसमें लाइफटाइम सजा या फांसी भी होगी ही, क्योंकि कानून में अपराधियों का बचाव नहीं है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि इस तरह के अपराध पर रोक कब लगेगी। देश इतना तरक्की कर रहा है, 21वीं शताब्दी में है लेकिन रेप के मामले बढ़ रहे हैं। लड़कियां अभी भी सेफ नहीं हैं। लेट नाइट काम भी नहीं कर सकती हैं। अब किस पर भरोसा करें, वकील वकालत के पेशे में तो पुलिस विभाग तक में महिलाएं सेफ नहीं हैं।

## दुष्कर्मियों पर दया नहीं, सजा होनी चाहिए : राज देवी चौधरी



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी नेता और उत्तर प्रदेश महिला आयोग की पूर्व सदस्य राजदेवी चौधरी का कहना है कि इस तरीके की घटनाओं के आरोपियों पर दया नहीं सजा वाला मूड अपनाया जाना चाहिए। जिस तरीके से कोलकात्ता में महिला डॉक्टर के साथ अपराध किया गया है, वह किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। ऐसे आरोपियों पर सऊदी अरब जैसे कानून और कार्रवाई होनी चाहिए। तभी यह संदेश जाएगा कि दुष्कर्म जैसा अपराध महिलाओं के साथ करने वाले अपराधियों को भी इस तरीके की सजा मिलेगी। उन्होंने कहा है कि लगातार महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहा है, जो कहीं ना कहीं सिस्टम और सरकार की भी नाकामी है।

## फांसी से भी बड़ी सजा के हकदार हैं ऐसे आरोपी : रनिता सिंह



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ महिला नेता रनिता सिंह का कहना है कि पश्चिम बंगाल में जिस तरीके की घटना को अंजाम दिया गया है वह निर्भया जैसे कांड के बाद फिर पूरे समाज को रुला देने वाली घटना है। इससे डर भी पैदा हो रहा है कि आज भी हमारे समाज में बहन, बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। सरकार और सिस्टम को चाहिए कि ऐसे आरोपियों को फांसी से भी बड़ी सजा दी जानी चाहिए। ऐसे आरोपियों ने हैवानियत की सारी हदें पार की हैं। साथ ही समाज में भी एक भय का माहौल बना दिया है। महिलाओं की सुरक्षा बड़ा मुद्दा है और महिलाओं के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और कड़ी सजा मिलना बेहद आवश्यक है।

## दुष्कर्मियों के काटे जाएं प्राइवेट पार्ट और दी जाए फांसी की सजा : किरन सिंह



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी की नेता किरन सिंह का कहना है कि दुष्कर्मियों के प्राइवेट पार्ट काटे जाने चाहिए। जब भी किसी महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी की पहचान हो तो उसको सबसे पहले सजा यही दी जानी चाहिए। फिर इसके बाद जो कोर्ट का निर्णय हो, उसके आधार पर उसे सजा या फांसी की सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सभ्य समाज के लिए एक अभिशाप बन चुका है। महिलाओं के साथ पहले दुष्कर्म और फिर उनकी निर्मम हत्या पर रोक लगाने के लिए ऐसे कठोर फैसले भारत में भी लिए जाने चाहिए।

## ऐसे हत्यारों को जनता के बीच देनी चाहिए सजा : ज्योति तोमर



करंट क्राइम : पश्चिम बंगाल में जिस तरीके से महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी और फिर उसकी निर्मम हत्या की गई है, इस मामले में सुनहरी दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट की ज्योति तोमर का कहना है कि ऐसे आरोपियों को सजा जनता के बीच में दी जानी चाहिए ताकि इसका संदेश दूर तक जाए की महिलाओं के साथ अपराध करने वालों को भी सजा मिलेगी और उनको भी मौत के घाट उतारा जा सकता है। उन्होंने कहा है कि सरकार और न्यायपालिका को ऐसे मामलों में पहल करनी चाहिए और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा समय रहते दिलवाई जाए।

## अवकाश सूचना

रक्षाबंधन के पर्व पर दिनांक 19-08-2024 को दैनिक करंट क्राइम कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 21 अगस्त 2024 को प्रकाशित होगा।

# राहुल गांधी का मोदी सरकार पर आरोप

## कहा- यूपीएससी की जगह आरएसएस से हो रही भर्ती, छीना जा रहा आरक्षण



उन्होंने कहा कि यह सरकार बड़े पदों पर भर्ती संघ लोक सेवा आयोग की जगह राष्ट्रीय स्वयं

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर निशाना साधा। हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से निकाली गई भर्ती का जिक्र करते हुए सेवक संघ (आरएसएस) से कर रही है।

### खुलेआम आरक्षण छीना जा रहा

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी संघ लोक सेवा आयोग की जगह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जरिए लोकसेवकों की भर्ती कर संविधान पर हमला कर रहे हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के जरिए भर्ती कर खुलेआम एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जा रहा है।

### प्रतिभाशाली युवाओं के हक पर डाका

उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा कहा है कि टॉप ब्यूरोक्रेसी समेत देश के सभी शीर्ष पदों पर वंचितों का प्रतिनिधित्व नहीं है, उसे सुधारने के बजाय लेटरल एंट्री द्वारा उन्हें शीर्ष पदों से और दूर किया जा रहा है। यह यूपीएससी की तैयारी कर रहे प्रतिभाशाली युवाओं के हक पर डाका और वंचितों के आरक्षण समेत सामाजिक न्याय की परिकल्पना पर चोट है।'

### इंडी गठबंधन मजबूती से विरोध करेगा

उन्होंने आगे कहा, 'चंद कॉरपोरेट्स के प्रतिनिधि निर्णायक सरकारी पदों पर बैठ कर क्या कारनामे करेंगे, इसका नया उदाहरण सेबी है, जहां निजी क्षेत्र से आने वाले को पहली बार चेयरपर्सन बनाया गया। प्रशासनिक ढांचे और सामाजिक न्याय दोनों को चोट पहुंचाने वाले इस देश विरोधी कदम का इंडी गठबंधन मजबूती से विरोध करेगा।

# अग्निपथ योजना को पूरे देश में समर्थन मिल रहा है : राजनाथ सिंह

## 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा'

नई दिल्ली। 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा।' इन पंक्तियों का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को रक्षा मंत्रालय के 'रक्षा सूत्र : संदेश टू सोल्जर्स' पॉडकास्ट में भारतीय सेना के महत्व को रेखांकित किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस दौरान अग्निपथ योजना पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में अग्निपथ योजना को समर्थन मिल रहा है। हमारे युवा बढ़-चढ़कर इस योजना के माध्यम से देश की सेनाओं में शामिल हो रहे हैं। अग्निपथ के पहले दो बैच के 40,000 हजार वीरों ने अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, और आवंटित इकाइयों में तैनाती के अधीन हैं। हमारे सशक्त बलों के सैनिकों ने विश्व शांति में भी अपनी भागीदारी निभाई है। भारतीय सेना के 160 जवानों ने विश्व शांति के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया है।



उन्होंने कहा कि हिमालय की बफीर्ली चोटियों से लेकर समुद्र की गहराइयों तक, थार के रेगिस्तान से लेकर उत्तर पूर्व के जंगलों तक हमारे वीर जवान डटे हैं। देश के वीर जवानों ने कठिन, दुर्गम क्षेत्रों में अपने परिवार से दूर रहकर भारत की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखने के लिए अपना सर्वोच्च लगाया है, राष्ट्र उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है। हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से, जो आजादी हमने अर्जित की उस स्वतंत्रता को बनाए रखने में हमारे जवानों की अहम भूमिका है। वीर सपूतों ने कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देकर भारत की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा की। उनकी शौर्य गाथाएं बच्चे-बच्चे की जुबान पर हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों के हथियारों, तोपों, टैंकों, लड़ाकू जहाजों, हेलीकॉप्टर, मिसाइल सिस्टम, आदि के निर्माण में हम आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। हमारी सरकार मेक इन इंडिया के तहत यह सुनिश्चित कर रही है कि हमारे सैनिकों के पास भारत में बने हथियार ही होने चाहिए। हमारे पायलट भारत में बने तेजस लड़ाकू विमान, एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर, ध्रुव और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर उड़ा रहे हैं। हमारे नौसैनिक भारत में बनी हुई पनडुब्बियों से समुद्री सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। हमारी थल सेना के जवान अर्जुन टैंक और स्वदेशी तोपों से देश के सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था, जब भारत की गिनती हथियार आयातक देशों में होती थी, लेकिन अब भारत इससे आगे बढ़कर एक एक्सपोर्टर के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में हमारा डिफेंस एक्सपोर्ट 21 हजार करोड़ के रिकॉर्ड तक पहुंच गया है। रक्षा क्षेत्र के महत्व को पहचानते हुए इस बार के केंद्रीय बजट 2024-25 में रक्षा मंत्रालय को 6.22 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। आज हमारी सेनाएं ज्यादा सक्षम और आत्मनिर्भर हो रही हैं। रक्षा क्षेत्र में आर एंड डी के लिए बजट का 25 प्रतिशत निजी क्षेत्र के लिए रिजर्व किया गया है। पिछले दस सालों में लगभग 6 लाख करोड़ रुपए के रक्षा उपकरण स्वदेशी कंपनियों से खरीदे गए हैं।

## न्यूज डायरी

### हेमंत सोरेन की सरकार को तोड़ने की हो रही कोशिश : संजय राउत



नागपुर। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और जेएमएम नेता चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भाजपा पर झारखंड सरकार को तोड़ने की कोशिश का आरोप लगाया है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने सवालिया लहजे में पूछा, झारखंड से जो खबरें आ रही है, वहां क्या हो रहा है? फिर बोले, हेमंत सोरेन को तकलीफ में लाने के लिए एक बार फिर से वहां पर कोशिश की जा रही है। उनकी एक मजबूत सरकार है, लेकिन उसमें से कुछ लोगों को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। अगर चुनाव घोषित कर देते तो मॉडल कोर्ड ऑफ कंडक्ट लागू हो जाता। संजय राउत ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा, महाराष्ट्र में जो त्रिकुट बैठा है, उन्हें यहां खेला करने और सरकारी तिजोरी खाली करने के लिए और समय चाहिए। इसलिए चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया। आप वन नेशन और वन इलेक्शन की बात करते हैं, लेकिन चार राज्यों में चुनाव की तारीखों का एक साथ ऐलान नहीं कर सकते! बता दें कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार, चंपई सोरेन के साथ जेएमएम के कुछ विधायक भी हैं। वह रविवार को दिल्ली भाजपा मुख्यालय में पार्टी में शामिल हो सकते हैं। ज्ञात हो कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपई सोरेन 2 फरवरी 2024 से 3 जुलाई 2024 तक झारखंड के 7वें मुख्यमंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं।

### देहरादून में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में पांच गिरफ्तार



देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में पुलिस ने कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी अजय सिंह के नेतृत्व में 24 घंटे के अंदर पूरे मामले का खुलासा कर दिया गया। एसएसपी अजय सिंह ने रविवार को बताया कि 16 साल की नाबालिग पंजाब की रहने वाली है। 13 अगस्त को उत्तराखंड रोडवेज के दो कर्मचारी नाबालिग को दिल्ली के कश्मीरी गेट से देहरादून लेकर आए थे। यहां उन्होंने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले की जानकारी चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस पीड़िता के पास पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पीड़िता के बयान के आधार पर आईएसबीटी बस स्टैंड के कर्मचारियों से पूछताछ की गई। कंडक्टर और ड्राइवर के साथ एक कैशियर को भी हिरासत में लिया गया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़िता का 'बालिका निकेतन' में सामान्य मेडिकल जांच कराया गया था, क्योंकि उसने दुष्कर्म का जिक्र नहीं किया था। इसके कुछ दिन बाद उसकी काउंसलिंग कराई गई थी, तब उसने घटना की सूचना दी। इसके बाद पीड़िता की मेडिकल जांच फिर से कराई गई, जिसकी रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। पुलिस ने आरोपी दो बस ड्राइवर, एक कंडक्टर, एक कैशियर और एक सफाई कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बस को भी कब्जे में ले लिया है। इस मामले में बाल आयोग की अध्यक्ष गीता खन्ना ने दुख जताते हुए घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में इस तरह की घटना निंदनीय है। उनकी एसएसपी से बात हुई है। सभी पहलुओं पर जांच हो रही है। नाबालिग के परिजनों से भी इस बात की पूछताछ की जाएगी कि उन्होंने अपनी बच्ची को अकेले कैसे और क्यों छोड़ा था ?

### आरजी कर मामला : सुवेंदु अधिकारी का दावा, बदला गया था पीड़िता का विसरा



कोलकाता, 18 अगस्त (आईएएनएस)। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने शनिवार को दावा किया कि पिछले सप्ताह कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या की शिकार हुई जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर का विसरा पुलिस ने जांच के नाम पर बदल दिया था। अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें कुछ जानकारियां मिली हैं जो केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के लिए काम की हो सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी को इसकी जांच करनी चाहिए। भाजपा नेता ने लिखा : मैंने अपने विभिन्न विश्वसनीय स्रोतों से जो जानकारी एकत्र की है, वह सीबीआई द्वारा की गई जांच के उद्देश्य से प्रासंगिक हो सकती है। 1. मृतका डॉक्टर का विसरा कोलकाता पुलिस द्वारा जांच के नाम पर बदल दिया गया है; 2. इस जघन्य अपराध और घटनास्थल में कई व्यक्तियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है; 3. खून से सने वस्तुओं को बाद में बदल दिया गया है और कोलकाता पुलिस द्वारा की गई जब्ती में जो दशार्या गया है, वह वास्तविक सामान नहीं हैं, जिसे डीएनए परीक्षण द्वारा अच्छी तरह से पता लगाया जा सकता है; 4. वॉश बेसिन को हटाकर एक नया बेसिन लगाया गया है; 5. परिसर के किसी दूसरे कोने में डॉक्टर की हत्या करने के बाद शव को आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में ले जाया गया। उन्होंने उम्मीद और भरोसा जताया है कि सीबीआई जांच के दौरान इन पहलुओं पर भी गौर करेगी, क्योंकि मामले को दबाने के लिए की जा रही औपचारिक जांच की कोलकाता के पुलिस आयुक्त सीधे निगरानी कर रहे थे और उनके निर्देश पर जांच की जा रही थी।

# भाजपा के राज्यपाल पार्टी के एजेंट बनकर घूम रहे हैं : पवन खेड़ा

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने रविवार को आईएएनएस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के राज्य से हर दो घंटे की कानून व्यवस्था रिपोर्ट मांगे जाने पर सवाल उठाते हुए पूछा कि यह फैसला यूपी के साथ-साथ उत्तराखंड पर भी लागू होता है?

उन्होंने कहा कि हम यह जानना चाहते हैं और अगर यह लागू होता है तो क्या यह मणिपुर पर भी लागू होगा, दो घंटे में यूपी, मणिपुर और उत्तराखंड से खबरें आ जाए, तो केंद्र सरकार क्या कार्रवाई करेगी, यह भी बताएं।



मुदा घोटाले पर कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया से इस्तीफे की मांग को लेकर पवन खेड़ा ने कहा कि हम कर्नाटक के सीएम से इस्तीफा क्यों मांग रहे हैं, क्योंकि बीजेपी के राज्यपाल बीजेपी के एजेंट बनकर बीजेपी का खेल खेलते हैं और हमारे मुख्यमंत्री इस्तीफा दे दें। ऐसा कैसे हो सकता है, जिस योजना के तहत सरकार से जमीन की अदला-बदली की गई, वह 2020 में बीजेपी सरकार की योजना थी, तो क्या वो भ्रष्ट योजना थी? चंपई सोरेन के भाजपा से संपर्क को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा कि चंपई सोरेन के भाजपा से संपर्क को लेकर ऐसी अफवाहें उड़ती रहती हैं। लेकिन, जब ऐसा होता ही नहीं है तो हम इस पर क्या कह सकते हैं। उमर अब्दुल्ला के अनुच्छेद 370 की बहाली पर दिए गए बयान को लेकर पवन खेड़ा ने कहा कि यह उनकी पार्टी का फैसला है और हम उनकी पार्टी के फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते।

मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का रास्ता साफ होने के बारे में कांग्रेस नेता ने कहा कि यह बहुत अच्छा फैसला है और हम इसका स्वागत करते हैं तथा इस तरह की आतंकी घटनाओं में शामिल सभी लोगों को तभी सजा मिलेगी, जब उसका प्रत्यर्पण होगा।

# व्यक्तिगत, राजनीतिक हितों के लिए राष्ट्र हित की अनदेखी उचित नहीं : जगदीप धनखड़



जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि राजनीतिक विचारों में अंतर लोकतंत्र की खूबी है, लेकिन इसके लिए राष्ट्र हित की अनदेखी नहीं की जा सकती। जयपुर में जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्थान के देहदानी परिवार सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के दौर में देखा जा रहा है कि व्यक्तिगत हित और राजनीतिक स्वार्थ को राष्ट्र हित से ऊपर रखा जा रहा है। अच्छे और बड़े पद पर रहने वाले कुछ लोग ऐसा दिखाते हैं कि देश में कुछ भी हो सकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा, हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम किसी भी हाल में राष्ट्रीयता को तिलांजलि नहीं देंगे। अलग-अलग विचार रखना प्रजातंत्र के गुलदस्ते की महक है। राजनीतिक मतांतर प्रजातंत्र की खूबी है, पर यह तब तक ही है जब तक राष्ट्र हित को तिलांजलि न दी जाए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत और राजनीतिक हितों के लिए राष्ट्रीय हित को छोड़ना उचित नहीं है। अगर राष्ट्र हित को सर्वोपरि नहीं रखा गया तो राजनीति में मतभेद राष्ट्रविरोधी हो सकते हैं। मेरा मानना है कि ऐसी ताकतें देश के विकास के लिए हानिकारक हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में राष्ट्रीय हित से समझौता नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि भारतीयता हमारी पहचान है। उन्होंने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि आपातकाल का काला अध्याय हाल के चुनावों के साथ समाप्त हो गया। नहीं, हम आपातकाल के अत्याचारों को नहीं भूल सकते, और इसलिए भारत सरकार ने 'संविधान हत्या दिवस' मनाने की पहल की है ताकि हमारी नई पीढ़ी को पता होना चाहिए कि एक ऐसा दौर था जब आपके पास कोई मौलिक अधिकार नहीं थे। इस दौरान कार्यपालिका का रवैया तानाशाही प्रवृति का हो गया था। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसा दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा। कार्यक्रम का आयोजन जैन सोशल ग्रुप्स (जेएसजी) केंद्रीय संस्थान, जयपुर और दधीचि देहदान समिति, दिल्ली द्वारा किया गया था।

# जम्मू-कश्मीर में भाजपा अपने दम पर सरकार बनाएगी : चौधरी जुल्फिकार अली

जम्मू। जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी (जेकेएपी) के नेता और पूर्व मंत्री चौधरी जुल्फिकार अली रविवार को भाजपा नेता डॉ. जितेंद्र सिंह, जी. किशन रेड्डी, तरुण चुघ और रविंदर रैना की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। चौधरी जुल्फिकार अली ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं से प्रभावित हुआ हूं, इसलिए आज मैं भाजपा में शामिल हुआ हूं। सरकार की जो योजनाएं हैं, वह अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचती हैं और अब तक सभी योजनाएं केवल चुनिंदा व्यक्तियों तक ही पहुंचती थी। आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर योजना हर घर तक पहुंच रही है। अगर आप आज गांवों में जाएंगे तो पाएंगे कि जहां कच्चे घर हुआ करते थे, वहां अब पक्के घर हैं। इन सभी योजनाओं ने हमें प्रभावित किया है और हमें स्लोगन की राजनीति से हटकर वास्तविक राजनीति की ओर बढ़ने की जरूरत है।



मुझे उम्मीद है कि भारतीय जनता पार्टी अपने बल पर जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाएगी। बता दें कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव का ऐलान चुनाव आयोग ने कर दिया है। जम्मू कश्मीर का चुनाव तीन चरणों में होगा। चुनाव का पहला चरण 18 सितंबर, दूसरा चरण 25 सितंबर और तीसरे चरण का मतदान एक अक्टूबर को होगा। मतगणना चार अक्टूबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को समुचित सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश दे दिए गए हैं। जम्मू-कश्मीर में कुल 90 निर्वाचन क्षेत्र हैं। इसमें से 74 जनरल, 9 एसटी और 7 एससी हैं। मतदाताओं की संख्या 87.09 लाख है। इसमें 44.46 लाख पुरुष और 42.62 लाख महिला मतदाता हैं। जम्मू-कश्मीर में युवा मतदाताओं की संख्या 20 लाख है। चुनाव आयोग ने बताया कि जम्मू कश्मीर में 87.09 लाख मतदाता हैं। इनमें पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं की संख्या 3.71 लाख है। जबकि, कुल 20.7 लाख युवा मतदाता हैं, जिनकी आयु 20 से 29 वर्ष के बीच है। मतदाता सूची बनाने का काम जारी है। 19 अगस्त को अमरनाथ यात्रा समाप्त होगी और 20 अगस्त को फाइनल मतदाता सूची तैयार हो जाएगी। सभी राजनीतिक दलों को इसकी कॉपी भिजवाई जाएगी।

# बुलंदशहर में भीषण सड़क हादसा,

## 10 लोगों की मौत, 29 घायल

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि, 29 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया है। दरअसल, बुलंदशहर के सलेमपुर थाना क्षेत्र में यात्रियों से भरी बस और मैक्स गाड़ी की आमने-सामने की टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि गाजियाबाद की कंपनी में कार्यरत लोग रक्षाबंधन पर्व पर घर जा रहे थे। इसी दौरान वो हादसे का शिकार हो गए। एसपी रोहित मिश्रा ने बताया कि बुलदंशहर और सलेमपुर रोड पर रविवार सुबह करीब 10.30 बजे सड़क हादसा हुआ। प्राइवेट बस और पिकअप की जोरदार टक्कर हुई, जिसके कारण सड़क दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में 29 लोग घायल हैं, जिनमें से 7 लोगों को मेरठ इलाज के लिए भेजा गया है। बाकी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस विभाग और चिकित्सा टीम घायलों पर नजर बनाए हुए है। मामले की जांच की जा रही है। घटना में जान गंवाने वाले 10 लोगों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। सड़क हादसे के बाद लोग आक्रोशित हो उठे। गुस्साए लोगों ने चक्का जाम कर दिया है। हादसे की सूचना पर डीएम और एसएसपी सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया।



# कोलकाता रेप-मर्डर केस : सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, कल को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। कोलकाता आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में एनए पीठ मंगलवार को मामले की सुनवाई करेगी।

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के मामले में सुनवाई होगी। इस मामले को लेकर देश भर में विरोध-प्रदर्शन का दौर जारी है। तमाम अस्पतालों के डॉक्टरों ने इस घटना में शामिल सभी आरोपियों के लिए सख्त से सख्त सजा की मांग की है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी कहा है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इसके अलावा घटना के कारणों की भी जांच हों और डॉक्टरों की सुरक्षा में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल की एक ट्रेनी महिला डॉक्टर का शव रहस्यमय परिस्थितियों में मिला था। वह अस्पताल में स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की मेडिकल छात्रा थी और चेस्ट मेडिसिन विभाग में हाउस स्टाफ के रूप में भी काम कर रही थी। अस्पताल के कर्मचारियों ने आपातकालीन बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर उनका शव देखा था। इस मामले में सीबीआई जांच कर रही है। प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में ले जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो आरोपियों को फांसी की सजा दी जाएगी। डॉक्टरों के विरोध को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। मंत्रालय द्वारा एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी।



# भ्रष्टाचार और महंगाई से राहत के लिए भाजपा से मुक्ति जरूरी : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए भ्रष्टाचार, मंहगाई समेत कई मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और महंगाई से मुक्ति के लिए भाजपा से मुक्ति जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इंजीनियर घोटाला कर रहे हैं। सुल्तानपुर में इंजीनियर की हत्या हो जाती है और मुख्यमंत्री रोज लॉ एंड ऑर्डर की बात करते हैं। इंजीनियर की हत्या होना बताता है कि टॉलरेंस जीरो हो गई है। उन्होंने कहा, अधिकारी आए दिन भ्रष्टाचार कर रहे हैं। एक चौकी इंचार्ज किसी प्रधान पर एसी लगवाने के लिए दबाव बना रही है। भाजपा से मुक्ति मिलने के बाद ही भ्रष्टाचार और गरीबों से मुक्ति मिलेगी। भाजपा से मुक्ति का मतलब समस्याओं से मुक्ति है। वहीं, केशव मौर्य को लेकर सवाल किए जाने पर उन्होंने कहा कि वह (केशव मौर्य) कुछ हैं ही नहीं।

सीएम योगी उन्हें अगर डांट देंगे तो वह चुप हो जाएंगे। उन्होंने कहा, भाजपा संविधान की धज्जियां उड़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ती है। भाजपा मौका मिलते ही आरक्षण से खिलवाड़ करती है और संविधान की धज्जियां उड़ा देती है। अपने लोगों को कुर्सी पर बैठने के लिए लेटरल एंट्री का खेल चल रहा है। अपना भ्रष्टाचार, गलत काम छुपाने के लिए बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। शिक्षक भर्ती मामले में कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा, मैं प्रदेश के 69,000 युवाओं और शिक्षकों को बधाई देना चाहता हूं। मुझे उम्मीद है कि सरकार अपनी जिम्मेदारियों का पालन करेगी, वह न्याय सुनिश्चित करने में अपनी पारदर्शिता दिखाएगी। अगर मुख्यमंत्री 69,000 भर्ती का रास्ता नहीं निकाल सकते तो उन्हें कुर्सी छोड़ देनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि यूपी में 69,000 शिक्षक भर्ती का मामला लंबे समय से चल रहा था। शुक्रवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने सुनवाई करते हुए भर्ती की मेरिट लिस्ट को रद्द कर दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने तीन महीने के भीतर नई मेरिट लिस्ट जारी करने के आदेश दिए।



# 'सीएम पद से हटाकर गलत किया, सभी विकल्प खुले', दिल्ली से चंपई ने रांची को दिया संदेश



नई दिल्ली। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के कद्दावर नेता चंपई सोरेन दिल्ली में हैं। लेकिन, इस बार उनका दिल्ली आगमन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के लिए कठिन दौर के समान है। चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के कयास हैं। दूसरी तरफ चंपई सोरेन ने रविवार की शाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लंबा-चौड़ा पोस्ट करके सनसनी फैला दी।

उन्होंने अपनी पोस्ट में कई बातों का जिक्र किया और खास बात यह रही कि चंपई सोरेन ने सीएम पद से हटाए जाने के बाद पहली बार साफतौर पर कहा कि उन्हें सीएम पद से हटाकर गलत किया गया। इससे बड़ा अपमान उनके लिए कुछ भी नहीं होगा। चंपई सोरेन ने पोस्ट में लिखा, जोहार साथियों, आज समाचार देखने के बाद, आप सभी के मन में कई सवाल उमड़ रहे होंगे। आखिर ऐसा क्या हुआ, जिसने कोल्हान के एक छोटे से गांव में रहने वाले एक गरीब किसान के बेटे को इस मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। अपने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत में औद्योगिक घरानों के खिलाफ मजदूरों की आवाज उठाने से लेकर झारखंड आंदोलन तक, मैंने हमेशा जन-सरोकार की राजनीति की है। राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, गरीबों, मजदूरों, छात्रों एवं पिछड़े तबके के लोगों को उनका अधिकार दिलवाने का प्रयास करता रहा हूं। किसी भी पद पर रहा या नहीं, लेकिन हर पल जनता के लिए उपलब्ध रहा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





नई दिल्ली।।सोमवार 19 अगस्त-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## कोलकाता रेप-मर्डर केस: आरोपी संजय रॉय का होगा साइको-एनालिसिस टेस्ट



**नई दिल्ली।** सीबीआई कोलकाता में महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले में आरोपी संजय रॉय का साइको-एनालिसिस टेस्ट करेगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली स्थित केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (उत्रक्ष्छ) से मनोवैज्ञानिक और व्यवहार विश्लेषकों की टीम आवश्यक परीक्षण करने के लिए कोलकाता पहुंची है। मालूम हो कि केंद्रीय जांच ब्यूरो पहले ही रॉय को हिरासत में ले चुकी है। संदेह है कि इस मामले में कुछ और भी शामिल हो सकते हैं, इसे लेकर भी जांच की जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि सीबीआई ने इस मामले की जांच काफी तेज कर दी है। इसी कड़ी में अस्पताल के पूर्व निदेशक संदीप घोष को दूसरे दिन भी तलब किया गया। सीबीआई की एक टीम आज सुबह 10 बजे से घोष से पूछताछ कर रही थी। फोरेंसिक एक्सपर्ट्स के साथ दूसरी टीम सीडी स्कैनर के साथ अस्पताल पहुंची, जहां अपराध को अंजाम दिया गया था। एक अन्य टीम चौथी बटालियन के बिधाननगर पुलिस बैरक गई, जहां गिरफ्तार संदिग्ध संजय रॉय कथित रूप से रात में बैरक से बाहर आया था। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई ने शुक्रवार को घोष से 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की और आधी रात को उसे जाने दिया था। कोलकाता रेप-मर्डर केस को लेकर देश भर के डॉक्टर्स 24 घंटे की हड़ताल पर हैं। इसके चलते पूरे देश में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पंजाब के होशियारपुर में आईएमए के आह्वान पर जिले के निजी अस्पतालों के डॉक्टर आज हड़ताल पर रहे। इस दौरान आपातकालीन और गहन देखभाल सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहीं।

राजस्थान में चिकित्सकों के राष्ट्रव्यापी कार्य बहिष्कार को लेकर स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रखने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## शहर सीट पर लगभग तय हो गई है ये बात
## गठबंधन लड़ेगा कांग्रेस के सिम्बल पर ही उपचुनाव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनावों के बाद गाजियाबाद की शहर विधानसभा सीट भी उन सीटों में शामिल है जहां विधानसभा के विधायक चुनाव जीत कर लोकसभा सांसद हो गये और इन सीटों पर अब विधानसभा के लिए उपचुनाव होना है। गाजियाबाद में शहर सीट पर कब चुनाव होना है इसको लेकर अधिसूचना जारी होनी है लेकिन सूत्र जो सूचना दे रहे हैं वो ये दे रहे हैं कि इस बार शहर सीट में उपचुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन यानी समाजवादी और कांग्रेस पूरे जोश में है। सपा कांग्रेस गठबंधन चुनाव की पूरी तैयारी में है। लहर वाले शहर में ये पहली बार देखने में आ रहा है कि विपक्ष का गठबंधन यहां चुनावी ताल ठोक रहा है। विपक्ष में उत्साह है और सूत्र बताते हैं कि यहां परएक बात लगभग तय हो गई है कि गठबंधन मिलकर चुनाव लड़ेगा और कांग्रेस के सिम्बल पर ही विपक्ष का उम्मीदवार आयेगा। सूत्र बताते हैं कि ये बात सियासत के बड़े दरबारों में तय हो चुकी है और यहां ये भी तय हो गया है कि शहर सीट पर चेहरा भले ही बदल जाये लेकिन सिम्बल कांग्रेस का रहेगा। बाकी ये राजनीति है और यहां किसी भी परिवर्तन का होना समीकरण पर निर्भर करता है।




### सपाई दावेदार चाहते हैं चुनावी पारी में कांग्रेसी हो जाना




करंट क्राइम। कांग्रेस से कौन उम्मीदवार होगा इसको लेकर कांग्रेस से ज्यादा रूचि सपा वाले ले रहे हैं। दरअसल अब ये तय हो चुका है कि उपचुनाव में कांग्रेस के सिम्बल पर ही उम्मीदवार आयेगा और यहां दावेदारों को उम्मीद ये है कि पहले वाले चुनावों का फार्मुला इस बार भी आयेगा। पूर्व में भी ये हुआ है कि गठबंधन में सीट सपा के पास और बसपा वालों को पहले सपाई बनाया गया और फिर उन्हें टिकट देकर चुनाव लड़ाया गया। सूत्र बताते है कि इस बार भी कांग्रेस से ज्यादा जोश सपा में है और सपा के दावेदार ये चाहते हैं कि भले ही कांग्रेस के सिम्बल पर चुनाव हो लेकिन लड़ने का मौका उन्हें मिल जाये। वहीं जानकार ये बताते हैं कि कांग्रेस में ऐसी परम्परा नहीं है और अगर कांग्रेस का सिम्बल होगा तो उम्मीदवार भी कांग्रेस से होगा। ऐसे में कुछ समाजवादी चुनावी पारी को कांग्रेसी होकर खेलना चाहते हैं और उन्होंने कांग्रेस के आला कमान से जुड़े सूत्रों को कनैक्ट कर लिया है।

### कांग्रेस का कौन सा गुट रहेगा टिकट वाले सीन में हावी



करंट क्राइम। कांग्रेस लोकसभा चुनावों के बाद से पूरे उत्साह में है। इसका असर गाजियाबाद पर भी दिखाई दे रहा है। पहले यहां कांग्रेस के धरने प्रदर्शन में गिनती के कांग्रेसी आते थे लेकिन लोकसभा चुनावों के बाद से कांग्रेस जनमुद्दों को लेकर सड़कों पर भी आ रही है और जो कांग्रेसी पहले घरों से निकलने को तैयार नहीं थे वो अब सड़कों पर आकर प्रदर्शन कर रहे हैं। विधानसभा उपचुनाव की दावेदारी में कांग्रेस के कई नाम चल रहे हैं। यहां बड़ी बात यही है कि कांग्रेस का कौन सा गुट टिकट वाले सीन में हावी रहेगा। यहां डॉली शर्मा गुट भी है तो दूसरी तरफ बिजेन्द्र यादव गुट भी है और किस गुट की टिकट वितरण में कितनी चलेगी ये देखने की बात है।

### सावन का अंतिम सोमवार आज
## मंदिरों और बाजारों में रहेगी अतिरिक्त फोर्स

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आज रक्षाबंधन का त्यौहार है। तो वहीं सावन मास का अंतिम सोमवार भी है। इसी के मद्देनजर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के तीनों जोन के प्रमुख मंदिरों के आसपास पुलिस फोर्स तैनात की जाएगी। वहीं बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में रक्षाबंधन के चलते महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस की अतिरिक्त गश्त भी लगाई गई है। पुलिस के अधिकारियों की कोशिश है कि रक्षाबंधन के दिन महिलाओं के साथ किसी प्रकार की वारदात ना हो और वह सुरक्षित अपने स्थान पहुंच सके। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर सोमवार को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। तो वहीं बाजारों में भी अतिरिक्त पुलिस फोर्स को एक्टिव किया गया है।

**रक्षाबंधन पर स्नैचिंग रोकने के लिए पुलिस लगाएगी अतिरिक्त गश्त**



### महिला पुलिस बल भी रहेगा तैनात

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी आईपीएस अधिकारी कल्पना सक्सेना ने कहा है कि रक्षाबंधन के त्यौहार के मद्देनजर प्रत्येक जोन के डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अतिरिक्त महिला पुलिस फोर्स तैनाती के निर्देश दिए गए हैं ताकि महिलाओं को सुरक्षा का भाव महसूस हो।

## खोड़ा में पेयजल आगमन का सारा क्रेडिट है जनरल वीके सिंह के नाम : अमरपाल शर्मा
## जो लोग नगर पालिका को खत्म करना चाहते थे, वो कैसे कह रहे हैं धन्यवाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खोड़ा की राजनीति पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा के इर्द-गिर्द घूमती है। अमरपाल शर्मा भले ही साहिबाबाद से ओपनिंग विधायक रहे हैं। हालही में उन्होंने बागपत से लोकसभा का चुनाव लड़ा है। लेकिन ये तथ्य अपनी जगह है कि खोड़ा की राजनीति की वो धुरी है। उनकी पत्नी मोहिनी शर्मा खोड़ा से जिला पंचायत सदस्य रहीं हैं। अब मोहिनी शर्मा ने खोड़ा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीता है। खोड़ा में अमृत योजना के अन्तर्गत आने वाले जल को लेकर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने इसका पूरा क्रेडिट गाजियाबाद से लोकसभा सांसद रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को दिया है। करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह केन्द्र की योजना है और अगर इसमें किसी का योगदान है तो वो जनरल वीके सिंह का योगदान है। इस तथ्य को कोई नकार ही नहीं सकता। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा कि जो लोग नगर पालिका को खत्म करना चाहते थे वो नगर पालिका के विकास की कैसे सोच सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारा प्रयास था कि हम दिन रात लगे रहे और उसी के बाद यहां अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत पानी के सर्वे का टैंडर लगा है। खोड़ा में अगर पानी आ रहा है तो इसमें खोड़ा नगर पालिका की चेयरपर्सन मोहिनी शर्मा का योगदान है। जो लोग नगर पालिका को खत्म करना चाहते हैं और ग्रेटर गाजियाबाद बनाने की योजना ला रहे थे वो इसका श्रेय कैसे ले सकते है।





### श्रेय लेने वालों को खबर ही नहीं कि अभी तो सिर्फ सर्वे का हुआ है टेण्डर

करंट क्राइम। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा कि जो लोग अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत आने वाले पानी का क्रेडिट लूट रहे हैं। उन लोगों को यही पता नहीं है कि अभी केवल पानी के सर्वे का टेण्डर लगा है। अभी तो यह सर्वे होगा कि कहां से लाईन जायेगी और कहां से लाईन आयेगी और क्रेडिट लूटने वाले ये श्रेय ले रहे हैं कि पानी आ गया। जब 187 करोड़ रूपये की बात आती है तो उन्हें ये पता नहीं है कि जब सर्वे होगा तब निकल कर आयेगा कि टोटल धनराशि कितनी खर्च होगी।

### अगर लग जाये इन्हें तार वाले काम की भनक तो फिर आयेगा क्रेडिट का करंट

करंट क्राइम। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार की एक योजना है जिसका नाम आरडीएसएस है। इस योजना के तहत काम चल रहा है औरहमने पूरे खोडा नगर पालिका क्षेत्र में सारे बिजली के तार चेंज कराये हैं। जिन पोल पर बदलाव की जरूरत थी वो बदले गये है और खोड़ा क्षेत्र में नए 11 ट्रांसफार्मर भी लगे हैं। इसका टेंडर छूट चुका है और जीएसपी कंपनी इस काम को कर रही है। उन्हेंाने कहा कि अभी श्रेय लेने वालों को भनक भी नहीं है। लेकिन जब ये काम चालू होगा और इन्हें पता चलेगा तो ये फिर से कहेंगे - धन्यवाद, हमने करा दिया काम। जबकि टेंडर छूट चुका और इनका कोई योगदान नहीं है।

### चेयर पर्सन ने 23 करोड़ की जमीन उपलब्ध कराकर बनाया पेयजल का रास्ता

करंट क्राइम। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा कि खोड़ा में अभी पेयजल को लेकर सर्वे चल रहा है। सर्वे के बाद ये तय होगा कि इस योजना पर कितनी लागत आयेगी। उन्हेंाने कहा कि जिनका कोई योगदान नहीं है वो यहां क्रेडिट लेने के लिए आ गये हैं। अमरपाल शर्मा ने कहा कि ये केन्द्र की योजना है और इसमें कोई दो राय नहीं है कि खोड़ा की जनता के लिए जितना काम जनरल वीके सिंह ने किया है वह काबिल-ए-तारीफ है। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा कि खोड़ा में पेयजल का रास्ता ही यहां की चेयर पर्सन मोहिनी शर्मा ने बनाया। हर बार यही कहा जाता था कि पेयजल के लिए जो पाईप लाईन आयेगी उसके लिए जमीन नहीं है। चेयरपर्सन ने 23 करोड़ रूपये की जमीन खरीदी और अगर पेयजल के लिए राह बनी है तो इसका पूरा श्रेय खोड़ा नगर पालिका की चेयर पर्सन को है। इसके अलावा किसी अन्य जनप्रतिनिधि का कोई योगदान नहीं है।

## विजय नगर में ठाकुर समाज की तिरंगा यात्रा ने साधे एक तीर से दो निशाने
## देशभक्ति के नारे थे और दावेदारी के दिखाई दिये तराने

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** तिरंगा यात्रा भाजपा का अभियान है और भाजपा वैसे भी हर घर तिरंगा अभियान चला रही है। सियासत वाले कुछ भी करें लेकिन उसमें चुनावी मायने तलाश लिये जाते हैं और जब रविवार को लाईन पार क्षेत्र के विजय नगर में ठाकुर समाज की तिरंगा यात्रा निकली तो यहां इसी बात की चर्चा रही कि भाजपा के ठाकुर चेहरे लाईन पार क्षेत्र में तिरंगा यात्रा के जरिए अपनी दावेदारी का माहौल बना रहे हैं। इस तिरंगा यात्रा की तैयारी भाजपा नेता तथा पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सरदार सिंह भाटी एवं भानू सिसौदिया कर रहे थे और जब भाजपा के ठाकुर चेहरे लाईन पार क्षेत्र में तिरंगा लेकर निकले तो यहां इसी बात की चर्चा थी कि ये ठाकुर दावेदारी का आगाज हुआ है। हालांकि यहां तिरंगा यात्रा में भाजपा के वो पार्षद भी थे जो ठाकुर नहीं है लेकिन लाईन पार क्षेत्र से आते हैं। लेकिन यहां तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले अधिकांश चेहरे ठाकुर समाज से थे। संदेश यही कि तिरंगा यात्रा में एक तीर से दो निशाने साधे गये है। लाईन पार में ठाकुर एकता का संदेश दिया गया है। इस यात्रा के सियासी मायने माने जा रहे हैं।



### आखिर क्यों नहीं पहुंचा कोई जनप्रतिनिधि इस तिरंगा यात्रा में

**करंट क्राइम।** लाईन पार क्षेत्र में रविवार को जब तिरंगा यात्रा निकली तो एक बड़ा सवाल यहां ये था कि आखिर कोई जनप्रतिनिधि इस तिरंगा यात्रा में क्यों नहीं निकला। तिरंगा यात्रा में भगवा ठाकुर पहुंचे। तिरंगा यात्रा में भाजपा के लाईन पार क्षेत्र के पार्षद, पूर्व पार्षद पहुंचे। लेकिन ऐसा क्या हुआ कि कोई जनप्रतिनिधि इस तिरंगा यात्रा में नहीं पहुंचा। भाजपा के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इस तिरंगा यात्रा से दूर रहे। मेयर सुनीता दयाल इस यात्रा में नहीं पहुंची। विधायक अजीत पाल त्यागी से लेकर विधायक नन्द किशोर गुर्जर नहीं दिखाई दिये। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से लेकर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप इस तिरंगा यात्रा से दूर रहे। एमएलसी दिनेश गोयल नहीं थे और यहां तक की संगठन के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और उनकी टीम का कोई चेहरा इस तिरंगा यात्रा में नहीं दिखाई दिया। ये सवाल भाजपा गलियारों में है कि आखिर भाजपा के जनप्रतिनिधि तिरंगा यात्रा में क्यों नहीं गये। उन्हें बुलाया नहीं गया या फिर एक संयोग रहा कि कोई भी जनप्रतिनिधि और संगठन का कोई पदाधिकारी इस तिरंगा यात्रा से दूर रहा।



### ठाकुरों की नाराजगी का देना चाहता है क्या कोई संदेश

करंट क्राइम। लोकसभा में जनरल वीके सिंह का टिकट कटने के बाद ये आम संदेश था कि ठाकुर नाराज हैं। केवल गाजियाबद के धौलाना में ही नहीं बल्कि अन्य सीटों पर भी ठाकुरों की नाराजगी का असर माना जा रहा है। रविवार को जब तिरंगा यात्रा निकली तो भले ही इसमें कई चेहरे गैर ठाकुर थे लेकिन इस तिरंगा यात्रा की इंटरनल थीम ठाकुर एकता ही मानी जा रही है। बताया जाता है कि शहर सीट पर उपचुनाव में जहां वैश्य ब्राह्मण और पंजाबी दावेदारी की बात चल रही है अब इसमें ये ठाकुर दावेदारी का पंच है। लाईन पारक्षेत्र में ठाकुरों की एक बड़ी संख्या बतायी जाती है और रैली के आयोजकों ने इसे भले ही क्षत्रिय समाज की तिरंगा यात्रा बताया हो लेकिन संदेश यही है कि ठाकुरों की नाराजगी को अनदेखा ना किया जाये। इस यात्रा के अपने सियासी और चुनावी मायने है।

### कमिश्नरेट में अंडर ट्रेनिंग दरोगाओं पर नहीं लग रहा अधिकारियों का अंकुश
## 20 हजार की रिश्वत मांगने में किया गया सस्पेंड

### एक के बाद एक देहात जोन में कार्रवाई का शिकार हो रहे हैं अंडर ट्रेनिंग दरोगा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में अंडर ट्रेनिंग दरोगा लगातार कार्रवाई का शिकार हो रहे हैं। रविवार को अंडर ट्रेनी दरोगा 20 हजार की रिश्वत के मामले में सस्पेंड किया गया है। थाना लोनी बॉर्डर के संगम विहार चौकी क्षेत्र में तैनात ट्रेनी सब इंस्पेक्टर जगतपाल सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। उसके खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने कहा है कि इस पूरे मामले का वीडियो वायरल हुआ था, जिसका संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की गई है।

### मुकदमे में फंसाने की दी थी धमकी, ले लिए थे 5 हजार रुपये एडवांस

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार एक युवक से 20 हजार रुपय की रिश्वत मांगी गई थी। यह रिश्वत युवक ने ऑनलाइन फंसे हुए 15000 दिलवाने के नाम पर दी थी, इतना ही नहीं दरोगा ने पीड़ित से पांच हजार रुपये वसूल भी लिए थे। पीड़ित ने दरोगा से बातचीत का वीडियो बनाया, ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस के अधिकारियों ने कार्रवाई की है। आरोपी दरोगा देहात जोन के लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र के संगम विहार चौकी में तैनात था। इससे पहले भी देहात जोन के दो अंडर ट्रेनिंग उपनिरीक्षक रील बनाने के मामले में सस्पेंड किया जा चुके हैं।

## संपादकीय

# तालिबान में महिलाओं का अस्तित्व

दुनिया भर में तालिबान को कट्टर धार्मिक विचारधारा और प्रतिगामी मूल्यों के वाहक के तौर पर ही जाना जाता है। मगर उम्मीद की जाती थी कि अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद उसके भीतर कुछ बदलाव आएगा और वह देश के समग्र विकास की दिशा में सोचेगा। अफसोस कि अब तक ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है, जिससे वहां के लोगों, खासकर महिलाओं में अपने बेहतर जीवन और भविष्य को लेकर कोई उम्मीद जगे। संयुक्त राष्ट्र की एक रपट में बताया गया है कि तालिबान ने सत्ता में आने के बाद कम से कम चौदह लाख लड़कियों को जानबूझ कर माध्यमिक शिक्षा से वंचित कर दिया है। यूनेस्को के मुताबिक, पिछले वर्ष अप्रैल में हुई गणना के बाद इसमें तीन लाख की बढ़ोतरी हुई है। अगर इसमें उन लड़कियों की संख्या भी जोड़ ली जाए, जो प्रतिबंध लागू होने से पहले स्कूल नहीं जा रही थीं, तो अब देश में लगभग पच्चीस लाख यानी अस्सी फीसद लड़कियां शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। इस तरह, अफगानिस्तान का समाज एक तरह से अधूरे विकास के दौर से गुजर रहा है, जिसमें वहां की महिलाओं की पढ़ाई-लिखाई को धर्म और परंपरा के खिलाफ माना जाता है। हालांकि 2021 में जब तालिबान अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ था, तो उसने कठोर इस्लामी शासन से राहत देने का आश्वासन दिया था। मगर अगले ही वर्ष वहां लड़कियों की शिक्षा पर पाबंदी लगा दी गई, महिलाओं को सरकारी नौकरियों में नहीं जाने दिया गया और उनके अकेले लंबी यात्रा करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं है कि वहां की महिलाओं का जीवन कैसा होगा। विचित्र है कि एक ओर तालिबानी शासन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता पाने की इच्छा रखता है, लेकिन दूसरी ओर वहां की महिलाओं को पढ़ाई-लिखाई तक से वंचित रखना अपनी जिम्मेदारी समझता है। तालिबान अपनी महिलाओं को हर दायरे से बाहर रख कर भले अपनी तथाकथित परंपरा को बचा लेने का दावा करे, लेकिन हकीकत यह है कि इस तरह वहां एक अधूरा समाज बनेगा, जिसमें महिलाओं का जीवन दोयम दर्जे का होगा। कोई भी समाज महिलाओं को हाशिये पर रख कर मानवीय होने का दावा नहीं कर सकता।

# डिफेंस कंपनी ने किया डिविडेंड देने का ऐलान

## रिकॉर्ड डेट नजदीक, शेयरों में तेजी




**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की तरफ से निवेशकों को डिविडेंड दिया जाएगा। कंपनी इसी हफ्ते शेयर बाजारों में एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेगी। बता दें, यह डिफेंस स्टॉक इस साल दूसरी बार डिविडेंड देने जा रहा है।

**किस दिन एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेगी कंपनी?**

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 5 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 13 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। कंपनी ने इस डिविडेंड के लिए 21 अगस्त की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी इस दिन कंपनी अपना रिकॉर्ड खंगालेगी। बीएसई पर उपलब्ध डाटा के अनुसार कंपनी इस साल दूसरी बार डिविडेंड देने जा रही है। इससे पहले कंपनी फरवरी के महीने में एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने एक शेयर पर 20 रुपये का डिविडेंड दिया था।

**शेयरों का हो चुका है बंटवारा**

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों का बंटवारा हो चुका है। कंपनी के शेयर 2 टुकड़ों में पिछले साल बांट दिए गए थे।

जिसके बाद शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटकर 5 रुपये प्रति शेयर हो गई थी।

**शेयर बाजार में पिछला एक महीना कैसा रहा है?**

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर बीएसई में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 4769.20 रुपये पर ट्रेड कर रहा था।

पिछले एक साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 146 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है।

# दो महीने में दूसरी बार बोनस शेयर दे रही है कंपनी, 1 शेयर पर एक फ्री



**नर्द दिल्ली।** बोनस शेयर बांटने वाली कपनियों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। इस हफ्ते शेयर बाजार में पीवीपी इंफ्रा लिमिटेड एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड करने वाला है। कंपनी ने एक शेयर पर एक शेयर बोनस देने का ऐलान किया है। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयरों मे अपर सर्किट लगा था। इसके बाद भी शेयरों का भाव 20 रुपये से कम का ही है।

**किस दिन है रिकॉर्ड डेट?**

कंपनी ने शेयर बाजारों को 8 जुलाई क दी जानकारी में कहा था कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर एक शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 20 अगस्त 2024 की तारीख को एक्स-बोनस डेट तय किया है। यानी जिन निवेशकों का नाम कंपनी के रिकॉर्ड डेट बुक में रहेगा उन्हें ही बोनस शेयर का लाभ मिलेगा। 2 महीने में दूसरी बार बोनस शेयर दे रही है कंपनी पीवीपी इंफ्रा लिमिटेड दूसरी बार बोनस शेयर देने जा रही है। इसी साल 21 जून को कंपनी एक्स-बोनस स्टॉक के तौर पर ट्रेड की थी। तब कंपनी ने 5 शेयर पर 1 शेयर बोनस के तौर पर दिया था। बीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस कंपनी ने एक बार भी अभी तक डिविडेंड नहीं दिया है।

**शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा है?**

पिछले कुछ दिनों से कंपनी के शेयरों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। 9 अगस्त से अबतक स्टॉक का भाव 20 प्रतिशत चढ़ चुका है। शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लग गया था। जिसके बाद स्टॉक का भाव बीएसई में 17.79 रुपये के लेवल पर था। बीते एक साल में इस कंपनी के शेयरों का भाव 60 प्रतिशत से अधिक चढ़ चुका है। बता दें, पीवीवी इंफ्रा का 52 वीक हाई 35.82 रुपये है। और 52 वीक लो लेवल 10.29 रुपये है।

# शेयर बाजार की बदलेगी की तकदीर या निवेशक होंगे निराश



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। कंपनियों के वित्तीय परिणाम आ चुके हैं, ऐसे में इन दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह बात विशेषज्ञों ने कही है। इस सप्ताह जारी होने वाले अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे पर निवेशकों की नजर होगी। एक्सपर्ट की क्या है राय?

स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ह्यह्यचूंकि कंपनियों के वित्तीय परिणाम आ चुके हैं, ऐसे में इस सप्ताह, वृहद आर्थिक मोर्चों पर ऐसी कोई महत्वपूर्ण गतिविधियां नहीं हैं, जिससे निवेशक संकेत लें। हालांकि, वैश्विक स्तर पर आर्थिक आंकड़े महत्वपूर्ण होंगे। इसमें जापान में मुद्रास्फीति आंकड़े और अमेरिकी एफओएमसी बैठक का ब्योरा महत्वपूर्ण हैं, जिसपर निवेशकों की नजरें होंगी। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता की स्थिति बाजार के लिए जोखिम बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कारोबारियों की विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह और कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव पर भी निगाह होगी।

अमेरिका में मंदी की आशंका कम होने से शुक्रवार को वैश्विक बाजार में तेजी आई। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि अमेरिका में मुद्रास्फीति में नरमी और खुदरा बिक्री के मजबूत आंकड़े जैसे सकारात्मक आंकड़ों ने मंदी की आशंकाओं को दूर किया है। इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अगले महीने की शुरूआत में नीतिगत दर में कटौती की संभावना से भारत सहित वैश्विक शेयर बाजारों में एक बड़ी तेजी आई। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 1,330.96 अंक यानी 1.68 प्रतिशत उछलकर 80,436.84 पर बंद हुआ। यह दो महीने से अधिक समय में एक दिन की सबसे अच्छी बढ़त है। एनएसई निफ्टी भी 397.40 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 24,541.15 पर बंद हुआ।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद, करंट क्राइम। सात फेरों का ये सफर यूं ही साथ साथ चलता रहे। सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा की पहली वर्षगांठ को पूरे हर्ष के साथ विवेक भाटी और प्रीति भाटी ने सेलिब्रेट किया। इस सुखद अहसास को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## 7 कंपनियों का आईपीओ इस हफ्ते हो रहा है ओपन

**नई दिल्ली।** आईपीओ के जरिए शेयर बाजारों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। इस हफ्ते कई कंपनियों के आईपीओ खुलने जा रहे हैं। आइए एक-एक करके इनके विषय में जानते हैं। मेनबोर्ड का यह आईपीओ 19 अगस्त यानी सोमवार को खुलेगा। कंपनी के आईपीओ पर निवेशक 21 अगस्त तक दांव लगा पाएंगे। आईपीओ का साइज 600.29 करोड़ रुपये का है। कंपनी 0.22 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगी। आईपीओ का प्राइस बैंड 850 रुपये से 900 रुपये प्रति शेयर है। बता दें, इसका जीएमपी 325 रुपये का है। इस आईपीओ का साइज 37.44 करोड़ रुपये का है। कंपनी 46.8 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। आईपीओ निवेशकों के लिए 19 अगस्त से 21 अगस्त तक खुला रहेगा। प्राइस बैंड 77 रुपये से 80 रुपये प्रति शेयर है। बता दें, आईपीओ का जीएमपी 80 रुपये का है। यह आईपीओ 19 अगस्त से 21 अगस्त तक खुला रहेगा। कंपनी आईपीओ के जरिए 24.41 करोड़ रुपये जुटाने का प्रयास करेगी। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 76 रुपये से 80 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इसका जीएमपी 90 रुपये प्रति शेयर है। आईपीओ का साइज 214 करोड़ रुपये का है। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 195 रुपये से 206 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन आपको अमीर और प्रसिद्ध बना सकता है। हालांकि, यह आपके जीवनसाथी के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकता है।

**वृष:** आज आपको किसी विशेष कार्य में लाभ होगा। भाई-बहनों से आपके संबंध सुधरेंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होगा।

**मिथुन:** आप किसी बड़े से अपने पैसे और अपने पेशे से जुड़े सुझाव ले सकते हैं, जो आज फायदेमंद साबित होगा। आज आप घर में खुशी का दिन बिताएंगे।

**कर्क:** आज का समय आपके लिए कठोर हो सकता है और आप किसी काम को पूरा करने में असमर्थ हो सकते हैं।

**सिंह:** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सबके साथ बेहतर तालमेल रहेगा। अचानक नए स्रोतों से धन लाभ होगा।

**कन्या:** आज आप अध्यात्म की ओर आकर्षित होंगे। बिना सोचे समझे कोई भी निर्णय जल्दबाजी में न लें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा।

**तुला:** भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आपका साहस और बुद्धि चरम पर होगी। सामाजिक लोकप्रियता बढ़ेगी। ऑफिस में सीनियर आपके काम की तारीफ करेंगे।

**वृश्चिक:** आज आपको किसी काम में किसी अनुभवी व्यक्ति का सहयोग मिलने की संभावना है। परिवार वालों के साथ खरीदारी का प्लान बनाएंगे।

**धनु:** आज आपको अपने मित्रों और सहकर्मियों से कोई मदद नहीं मिल सकती है, यह आपको निराश करेगा। अति क्रोध और आवेश से बचें।

**मकर:** आप अपना काम करते हुए आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। धन लाभ के संकेत हैं और आप आय का एक अतिरिक्त स्रोत भी स्थापित कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज आप अपने लिए कोई नया प्लान बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान निकालने में आप सफल रहेंगे।

**मीन:** आज किसी सामाजिक कार्यक्रम में कोई आपको मजाक का विषय बना सकता है। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें।

## चुटकुले

आजकल सोशल मीडिया पर
इतने ग्रुप बने हुए हैं...
सोच रहा हूं कि ग्रुप में ही एक रूम ले लूं...
बार-बार आने-जाने से काफी
थक जाता हूं मैं...

---

कन्याओं से निवेदन है कि लड़कों का दिल न
तोड़ें, आपका एक फैसला
नशा मुक्त भारत का निर्माण कर सकता है...

---

बाकी सब तो ठीक है पर ये...
लड़कियों के मोजे में अंगूठा अलग
से क्यों लगाते हैं?
ये कौन सी सुविधा है जो हम पुरुषों को वंचित
रखा जा रहा है...?

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? बांस का आकार प्रजातियों पर निर्भर करता है। बांस की सबसे बड़ी प्रजाति 1300 फीट की ऊंचाई तक पहुंच सकती है।
- बांस के फूल को शायद ही कभी देखा जा सकता है। आपको जानकर आश्चर्य होगा की बांस के कुछ प्रजातियों में 65 या 120 साल बाद फूल विकसित होते हैं। बांस के फूलों के बारे में दिलचस्प तथ्य यह है कि एक जैसी बांस प्रजाति के सभी पौधे एक ही समय में फूल विकसित करते हैं, चाहे वे दुनिया में कहीं भी हों।
- विशाल पांडा में मांस आधारित आहार के लिए सभी आवश्यक उपकरण हैं लेकिन यह एक जीन खो गया है जो उमामी रिसेप्टर के लिए एन्कोड करता है। मांस के लिए इनका कोई स्वाद नहीं है और इसीलिए ये खुशी-खुशी केवल बांस पर ही जीवित रहते हैं।
- कंबोडिया के कुछ हिस्सों में लोगों ने अपने जरुरी कामों को करने के लिए बांस से अपनी रेलगाड़ियों को बना दिया है, क्योंकि वहां नियमित रेल सेवाएं चलना बंद हो गई हैं।
- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

19 08
2024

# आज के जन्मदिन

**सेलेब्रिटी जन्मदिन**




नंदना सेन
अभिनेत्री


काव्या माथुर


रोसिल हूण


कल्पना माहेश्वरी


योगेश शर्मा एड.


भूपेन्द्र कुमार सेन


दीपांशु त्यागी


मनीष त्यागी



सौरभ त्यागी



सक्षम तेवतिया


मोनू अल्वी


मोहन ठाकुर


मोहित ठाकुर


प्रकाश पांडेय


राकेश पाल सिंह


राजन चौधरी


विक्की चौधरी


राहुल मुद्गल



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# विनेश फोगाट ने संन्यास वापसी के संकेत दिए

## बोलीं- रेसलिंग छोड़ने पर अभी कुछ नहीं कह सकती, रोड शो के बाद तबीयत बिगड़ी



**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट ने रेसलिंग से संन्यास वापसी के संकेत दिए हैं। पैतृक गांव बलाली पहुंचने पर विनेश ने संन्यास के सवाल पर कहा- "जिस रेसलिंग को मैं छोड़ना चाहती थी या छोड़ दिया है, मैं इस पर कुछ नहीं कह सकती। आज के प्यार से मुझे बहुत हिम्मत मिली है।"

पेरिस ओलिंपिक में 100 ग्राम बढ़े वजन से पेरिस ओलिंपिक के फाइनल मुकाबले से डिसक्वालिफाई होने के बाद विनेश ने संन्यास का ऐलान किया था। विनेश ने मेडल न ला पाने पर कहा- "ओलिंपिक मेडल का बहुत गहरा घाव है। मुझे लगता है कि इससे उबरने में बहुत टाइम लगता है, मगर लोगों के प्यार से घाव भरने में हिम्मत मिलेगी।" विनेश पेरिस से कल (शनिवार) देश वापस लौटीं। सुबह 11 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से उनका काफिला 13 घंटे में उनके पैतृक गांव बलाली (चरखी दादरी जिला) पहुंचा। विनेश के काफिले ने 125 किमी की दूरी तय की। किसी भी व्यक्ति का यह देश में सबसे लंबा रोड शो है। इसके रास्ते में 100 जगह विनेश का स्वागत किया गया।

पैतृक गांव पहुंचने के बाद विनेश का गांव के स्टेडियम में सम्मान किया गया। हालांकि मंच पर पहुंचते ही विनेश की तबीयत बिगड़ गई। जिस पर विनेश ने कुर्सी पर बैठकर ही लोगों से बात की। रविवार सुबह भी तबीयत बिगड़ने की वजह से उन्होंने मीडिया से बात नहीं की।

विनेश ने लोगों से कहा- 'मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं, मैंने ऐसे गांव में जन्म लिया है। आज मैं गांव का कर्ज अदा करने में अपनी भूमिका निभा पाई हूं। मैं चाहती हूं कि गांव से मेरी एक बहन निकले जो मेरे रेसलिंग का रिकॉर्ड तोड़े।"

विनेश ने आगे कहा कि जिंदगी की लड़ाई बहुत लंबी है। हमारी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। एक छोटा सा हिस्सा मैं पार कर आई हूं। यह भी अधूरा रह गया। हम एक साल से लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं, वह आगे भी जारी रहेगी।'

### तिरंगे पर पैर रखने पर बजरंग की सफाई



विनेश के रोड शो के दौरान बजरंग पूनिया विवादों में आ गए। विनेश की कार के सामने काफी भीड़ थी, जाम की स्थिति बन गई और गाड़ी आगे नहीं बढ़ पा रही थी। तभी बजरंग गाड़ी के बोनट पर आ गए और लोगों से हटने की अपील करने लगे। गाड़ी के बोनट पर एक पोस्टर बना था, जिस पर तिरंगे का फोटो बना हुआ था। इसी दौरान बजरंग के पैर का एक हिस्सा तिरंगे के फोटो पर आ गया, जो काफी वायरल हुआ। इसके बाद बजरंग ने सफाई देते हुए कहा, 'ऐसा सिर्फ अनजाने में हुआ। मैंने हमेशा देश की शान बढ़ाने की कोशिश की है। ये ट्रोलिंग सही नहीं है।'

# आर्सेनल ने जीत के साथ शुरू किया अभियान

## वॉल्व्स को 2-0 से हराया, साका का दमदार प्रदर्शन



**वॉल्वरहैम्प्टन।** आर्सेनल ने वॉल्व्स पर 2-0 से जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। साका ने एक गोल किया और काई हैवर्टज को ओपनर के लिए तैयार किया, जिससे गनर्स ने पहले सप्ताहांत में बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में वॉल्व्स ने शुरूआत में हाथ-पांव मारे लेकिन गैरी ओ'नील की सेना वापसी करने से चूक गई।

इस मुकाबले में आर्सेनल शुरूआत से ही हावी रही। हालांकि, वॉल्व्स के खिलाड़ियों ने विरोधियों का डटकर सामना किया। 14वें मिनट में बुकायो साका ने जोस सा को बचाव के लिए मजबूर किया और इसके बाद बेन व्हाइट ने काफी दूर से शॉट मारा। साका ने 19वें मिनट में एक बार फिर सा को चुनौती दी।

वॉल्व्स ने अपना खेल आगे बढ़ाया। दरअसल, बेलेगार्डे का फ्रीकिक बार के ऊपर चला गया था। इस स्थिति में 36वें मिनट में जॉर्गेन लार्सन ने एक स्पष्ट हेडर लगाया, जिसे डेविड राया ने बचाया। आर्सेनल के पास 44वें मिनट में 2-0 का स्कोर बनाने का मौका था, जब मार्टिनेली का शॉट ऊपर चला गया। दूसरे हाफ में वॉल्व्स ने अपनी हीट बढ़ा दी क्योंकि मेजबान टीम निश्चित रूप से बैकफुट पर थी।

62वें मिनट में ऐट-नूरी का शॉट चूक गया जिससे राया को परेशानी का सामना करना पड़ा। 68वें मिनट में जब डिफेंस ने मैथ्यूस कुन्हा को गेंद पर कब्जा दिया तब आर्सेनल लगभग हार ही गया था। हालांकि, साका ने 74वें मिनट में शानदार स्ट्राइक करके गेम को वॉल्व्स के पक्ष में कर दिया। आखिरी में वॉल्व्स ने कुछ प्रयास किए और स्कोर 2-0 पर बनाए रखने के लिए अंतिम क्षणों में राया को बुलाया गया। हालांकि, वह सफल नहीं हुए।

# सेंट लुईस रैपिड एवं ब्लिट्ज टूनार्मेंट में अंतिम स्थान पर रहे प्रज्ञानंद



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद को ब्लिट्ज वर्ग में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद झटका लगा। वह सेंट लुईस रैपिड एवं ब्लिट्ज टूनार्मेंट में अंतिम स्थान पर रहे। वहीं, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने कुल 23 अंक अर्जित किए - रैपिड में 11 और ब्लिट्ज में 12 अंक। यह फिरोजा का प्रभावशाली प्रदर्शन था जिसने दो राउंड शेष रहते प्रतियोगिता जीत ली।

### 12 अंकों के साथ प्रज्ञानंद ने समाप्त की प्रतियोगिता

प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्रज्ञानंद ने ब्लिट्ज में आठ अंक हासिल किए, जो इससे पहले रैपिड वर्ग में उनके द्वारा अर्जित चार अंकों से बेहतर है। उन्होंने ग्रैंड शतरंज टूर प्रतियोगिता कुल 12 अंकों के साथ समाप्त की, जिसमें फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने कुल 23 अंक अर्जित किए। रैपिड में शानदार प्रदर्शन के बाद फ्रांस के लिए खेलने वाले खिलाड़ी ने ब्लिट्ज वर्ग में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 बाजियों में से 12 अंक हासिल किए।

### फिरोजा ने कारूआना को पीछे छोड़ा

वहीं, इस जीत के साथ फिरोजा ने ग्रैंड शतरंज टूर रैंकिंग में अमेरिका के फैबियानो कारूआना को पीछे छोड़ दिया। फिरोजा के 30.58 अंक हैं, जबकि कारूआना के सिर्फ 26.75 अंक हैं। प्रज्ञानंद जिन्होंने टूर रैंकिंग में तीसरे स्थान से इवेंट की शुरूआत की थी, 17.25 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए और आखिरी इवेंट – सिंकफील्ड कप –जो सिर्फ दो दिनों में शुरू हो रहा है में पोडियम फिनिश के लिए चमत्कार की जरूरत है। उस इवेंट में भारतीय का साथ विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश देंगे।

# मनु के कोच जसपाल ने उठाए सिलेक्शन पॉलिसी पर सवाल

## राणा ने कहा- लगातार बदलाव से शूटर्स को नुकसान पहुंचा, स्थिरता की जरूरत

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलिंपिक में 2 मेडल जीतने वाली मनु भाकर के कोच जसपाल राणा ने नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI) की सिलेक्शन पॉलिसी की आलोचना की है। जसपाल ने कहा- 'फेडरेशन की पॉलिसी में लगातार बदलाव की वजह से टैलेंटेड शूटर्स को नुकसान पहुंचा है, अगर ऐसा ही चलता रहा तो आगे भी युवाओं का नुकसान होगा। राणा ने कहा, 'फेडरेशन की पॉलिसी हर 6 महीने में बदलती रहती है।'

टोक्यो ओलिंपिक से खाली हाथ लौटने के बाद नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (NRAI) ने 2021 में पॉलिसी में संशोधन किया। कोटा विजेताओं को दिए जाने वाले बोनस पॉइंट्स में कटौती की और काफी इंतजार के बाद अंतिम दल का फैसला करने के लिए ट्रायल फिर से शुरू किए। अगर फेडरेशन किसी शूटर को अच्छा नहीं मानता था तो कोटा बदल दिया जाता था। टूनार्मेंट्स से पहले NRAI के अस्पष्ट आंकलन के आधार पर शूटर्स के प्रदर्शन को अंतिम रूप दिया गया। इससे अच्छा प्रदर्शन करने वाले शूटर्स में भी चिंता पैदा हो गई, लेकिन शुरूआती ट्रायल के साथ भी कोई निरंतरता नहीं थी और ठफ्अक को आलोचना का सामना करना पड़ा।

इंटरनेशनल और कैंप के प्रदर्शन के आधार पर ओलिंपिक कोटा के लिए लक्ष्य रखने वाले शूटर्स की संख्या को केवल टॉप-5 तक सीमित कर दिया गया। इससे ट्रायल में 8 शूटर्स का पूरा क्षेत्र भी असंभव हो गया, जिसकी व्यापक रूप से आलोचना की गई।

राणा ने कहा, 'वह बदलाव के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन ओलंपिक चक्र के दौरान अधिक स्टेबिलिटी चाहते हैं। मौजूदा समय में ओलंपिक और वर्ल्ड मेडलिस्ट की सुरक्षा के लिए कोई तंत्र नहीं है। भाकर को पेरिस में दो मेडल जीतने के बावजूद तीन महीने के ब्रेक से लौटने के बाद नेशनल टीम में जगह बनाने के लिए स्ट्रगल करना होगा।' उन्होंने कहा, 'हम ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को एक या दो ओलिंपिक के बाद नहीं देखते हैं, क्योंकि ऐसी कोई प्रणाली नहीं है जिसके जरिए हम उन्हें सुरक्षित कर सकें। टीम का सेलेक्शन नेशनल्स से किया जाता है। इसलिए अगर वह नेशनल्स नहीं खेल रही है, तो अगले साल उसे वे सुविधाएं नहीं मिलेंगी, जो अन्य शूटर्स को मिलती हैं।'



### एक ही ओलिंपिक में दो मेडल जीती मनु

पेरिस ओलिंपिक में मनु भाकर ने विमेंस इंडिविजुअल 10 मीटर एयर पिस्टल और मिक्स्ड इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। इसके अलावा विमेंस इंडिविजुअल 25 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में मनु चौथे नंबर पर रहीं। वह एक ही ओलिंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट हैं।

### अच्छे शूटर्स के बारे में कोई नहीं सोचता

राणा ने कहा, 'टोक्यो ओलिंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पहुंचने वाले सौरभ चौधरी कहां हैं? एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली जीतू राय कहां हैं? क्या कोई उनके बारे में बात करता है? नहीं।'
राणा ने आगे कहा, 'क्या हम शूटर अर्जुन बाबूता के बारे में बात कर रहे हैं, जो पेरिस ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रहे? वह मेडल जीतने से चूक गए। लेकिन कोई भी यह नहीं सोच रहा है कि उन्हें फिर से मंच पर कैसे लाया जाए।'

# पंजाब के ओलिंपिक खिलाड़ियों को 9.35 करोड़ इनाम: 8 हॉकी प्लेयर्स को 1-1 करोड़, बिना मेडल लौटे 11 को 15-15 लाख दिए




**पंजाब।** पेरिस ओलिंपिक में हिस्सा लेने वाले पंजाब के 19 खिलाड़ियों को रविवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चंडीगढ़ में सम्मानित किया। ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली हॉकी टीम के 8 खिलाड़ियों को 1-1 करोड़ रुपए दिए गए, जबकि ओलिंपिक में हिस्सा लेने वाले 11 खिलाड़ियों को 15-15 लाख रुपए दिए गए।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा, 'हॉकी टीम के 4 खिलाड़ी पंजाब पुलिस में हैं। सरकार खिलाड़ियों को नौकरी व पहले से लगे हुए खिलाड़ियों को प्रमोशन दिया जाएगा। हॉकी के खिलाड़ियों को नशे के खिलाफ ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। ये लोगों को नशा छोड़ने का संदेश देंगे। ये लोगों को समझाएंगे कि नशा छोड़कर खेलों की तरफ रुख करें। मेडल आने पर उन्हें सरकारी नौकरी भी मिलेगी।'

भगवंत मान ने आगे कहा कि हॉकी टीम के खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह आखिरी मौके तक तड़पा-तड़पाकर खुशी देते हैं। जिस दिन इंडिया टीम का इंग्लैंड से मैच था, मेरी 2 रैलियां थीं। मैंने रेस्ट हाउस में बैठकर मोबाइल में मैच देखा। हम पंजाब में बड़ा हॉकी टूनार्मेंट कराने की सोच रहे हैं। इसके लिए वह इंडिया टीम को स्पॉन्सर करना चाहते हैं, लेकिन 2036 तक यह जिम्मेदारी उड़ीसा के पास है।

बतौर खेल मंत्री मेरी कोशिश है कि हॉकी फैडरेशन ऑफ इंडिया से बातचीत कर नवंबर-दिसंबर महीने में मोहाली में ऑस्ट्रेलिया, इंडिया, बेल्जियम और स्पेन का टूनार्मेंट में करवाया जाए। वहां पर अच्छा ग्राउंड है। भगवंत मान ने मंच से खिलाड़ियों से बातचीत भी की। हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि हमने पहले ही तय कर लिया था कि हम मेडल जीतकर ही आएंगे। पूरी टीम सोशल मीडिया से दूर रही। वे पेरिस भी घूमने नहीं गए। उनका पूरा फोकस गेम पर था।

भगवंत मान ने कहा कि हॉकी खिलाड़ियों को ब्रांड एंबेसडर बनाएं। ये नशा छोड़ने का संदेश देंगे। यह लोगों को बताएंगे कि नशा छोड़ें और मेडल जीतकर नौकरियां हासिल करें।

ब्रांड एंबेसडर की स्ट्रगल कहानियों को लोगों के सामने लेकर आएंगे। सोने की दुकान में गहने तो अच्छे लगते हैं, लेकिन वह किस तरह की भट्टियों से निकले हैं उसे कोई नहीं जानता।

# विराट कोहली के इंटरनेशनल क्रिकेट में 16 साल पूरे

## उनके ये रिकॉर्ड्स तोड़ने में नई पीढ़ी के भी छूटेंगे पसीने



**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 16 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने 18 अगस्त, 2008 को इंटरनेशनल डेब्यू किया था। कोहली ने अपना पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ खेला, जो वनडे था। वह पहले मैच में 22 गेंदों में महज 12 रन ही बना सके थे। हालांकि, कोहली ने असफलता को जल्द पीछा छोड़ दिया और अगले ही मुकाबले में 37 रन की प्रभावी पारी खेली। उन्होंने 19 साल की उम्र में दिखा दिया था कि वह लंबी रेस का हिस्सा बनने आए हैं। कोहली ने अपनी घातक बल्लेबाजी से दुनिया में एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने रिकॉर्ड्स का अंबार लगा रखा है। चलिए, आपको कोहली के कुछ धांसू रिकॉर्ड के बारे में बताते हैं, जिन्हें तोड़ने में नई पीढ़ी के पसीने छूटेंगे।

### ये कारनामा करने वाले इकलौते प्लेयर

'किंग' कोहली 50 वनडे शतक जड़ने वाले इकलौते क्रिकेटर हैं। उन्होंने पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप के के दौरान महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा था। सचिन ने अपने करियर में 49 वनडे सेंचुरी ठोकीं। कोहली किसी एक विपक्षी टीम के खिलाफ सर्वाधिक वनडे शतक जड़ने वाले प्लेयर हैं। उन्होंने श्रीलंका के विरुद्ध 10 सेंचुरी जमाई हैं। कोहली सबसे तेज 13 हजार वनडे रन कंप्लीट करने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 267 पारियों में में यह आंकड़ा छुआ था। वह टी20 इंटरनेशल क्रिकेट में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतने वाले प्लेयर हैं। उन्होंने यह कारनामा सात बार अंजाम दिया है। उन्होंने टी20आई में सबसे अधिक 38 फिफ्टी लगाई हैं। कोहली ने कई साल भारतीय टीम की कमान संभाली। उन्होंने टेस्ट में कामयाबी का नया कीर्तिमान रचा। वह भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान हैं। उनकी कप्तानी में भारत ने 68 टेस्ट मैच खेले और 40 में विजयी परचम फहराया। भारत को इस दौरान 17 मैचों में हार मिली। कोहली के बाद लिस्ट में दिग्गज एमएस धोनी हैं। धोनी की अगुवाई में भारत ने 60 टेस्ट में से 27 जीते और 18 गंवाए। कोहली ने जनवरी 2022 में भारत की कप्तानी छोड़ी। बतौर कप्तान कोहली के नाम एक और खास रिकॉर्ड दर्ज है। वह कप्तान के रूप में सबसे ज्यादा डबल सेंचुरी मारने वाले खिलाड़ी हैं। कोहली ने सात बार ये कमाल किया है।

### अब तक 533 मैच खेल चुके कोहली

कोहली अपने करियर में अब तक कुल 533 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। वह सबसे ज्यादा इंटरेशनल मैच खेलने वाले प्लेयर्स की लिस्ट में आठवें स्थान पर हैं। कोहली आने वाले दिनों में धोनी को पछाड़ेंगे, जिन्होंने 538 मुकाबले खेले। कोहली ने 133 टेस्ट में 49.15 की औसत से 8848 रन बनाए हैं, जिसमें 29 शतक और 30 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 295 वनडे मैचों में 58.18 की औसत से 13906 रन बटोरे हैं। उन्होंने 50 ओवर फॉर्मेट में 72 फिफ्टी जड़ी हैं। कहोली ने 125 टी20 इंटरनेशल मुकाबलों में 4188 रन जुटाए।

# अरशद नदीम के सम्मान में कई ओलंपियन का किया गया अपमान? निमंत्रण रद्द करने का लगा आरोप



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने पेरिस ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम के सम्मान में रात्रिभोज आयोजित किया, लेकिन इसमें भी विवाद खड़ा हो गया। पाकिस्तान के पूर्व हॉकी खिलाड़ी राव सलीम नाजिम ने दावा किया कि पाकिस्तान सरकार ने नदीम के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के निमंत्रण को अतिथि प्रबंधन के नाम पर वापस लेकर कई ओलंपियन का अपमान किया है।

नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड 92.97 मीटर की दूरी के साथ पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। पाकिस्तान का पिछला ओलंपिक पदक 1992 के बासीलोना खेलों में हॉकी का कांस्य पदक था। उनके थ्रो ने आसानी से नॉर्वे के एंड्रियास थोरकिल्डसन के 200 बीजिंग ओलंपिक में बनाए गए 90.57 मीटर के पिछले ओलंपिक रिकॉर्ड को पार कर लिया। पाकिस्तान ने ओलंपिक में अपना पिछला स्वर्ण पदक 1984 में लॉस एंजिलिस में हॉकी में ही जीता था। नदीम से पहले ओलंपिक का पिछला पदक भी पाकिस्तान की हॉकी टीम के नाम है। टीम ने 1992 में कांस्य पदक जीता था।

पाकिस्तान के पूर्व हॉकी खिलाड़ियों के मंच का नेतृत्व करने वाले नाजिम ने कहा, पीएम हाउस ने इस समारोह में शामिल होने के लिए हॉकी के कई दिग्गजों को निमंत्रण भेजा था और उन सभी को उनके निमंत्रण की पुष्टि करने वाले ईमेल मिले थे। लेकिन आखिरी समय में हमारे में से कई लोगों को प्रधानमंत्री सचिवालय से संदेश मिला कि मेहमानों की संख्या समायोजित करने में कठिनाई हो रही है, इसलिए निमंत्रण वापस ले लिया गया है। देश के लिए हॉकी में एक नहीं बल्कि कई ओलंपिक पदक जीतने वाले हॉकी खिलाड़ियों के साथ क्या आप इस तरह का बर्ताव करते हैं?

### नदीम को मिला नकद पुरस्कार

पेरिस ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने पर नदीम पर पैसों की बारिश हुई पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने नदीम के घर पहुंचकर उन्हें 10 करोड़ रुपये दिए और नई कार सौंपी थी। वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन्हें 15 करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी।

# इगा स्वियातेक ने सिनसिनाटी ओपन के सेमीफाइनल में बनाई जगह, जानिक सिनर भी आगे बढ़ने में रहे सफल



**पोलैंड।** महिलाओं में नंबर एक पोलैंड की इगा स्वियातेक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। स्वियातेक ने 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा पर 6-4, 3-6, 7-5 से जीत के साथ अपना विजय अभियान 15 मैच तक पहुंचाया। उनका अगला मुकाबला अरिना सबालेंका से होगा, जिन्होंने लुडमिला सैमसोनोवा को 6-3, 6-2 से हराया। महिला वर्ग के अन्य मैचों में जेसिका पेगुला ने लैला फर्नांडीज को 6-2, 6-7, 7-6 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला पाउला बडोसा से होगा। बडोसा ने अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को 6-3, 6-2 से हराया। पुरुष एकल वर्ग में सिनर ने आंद्रे रुबलेव को 4-6, 7-5, 6-4 से हराकर पिछले सप्ताह मोंट्रियल के क्वार्टर फाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। वह ओपन युग में इस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। सिनर का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। पूर्व चैंपियन ज्वेरेव ने बेन शेल्टन को 3-6, 7-6, 7-5 से हराया। ज्वेरेव ने सिनर के खिलाफ लगातार चार जीत हासिल की है।

# चिकित्सक से कथित बलात्कार और हत्या के विरोध में प्रदर्शन के कारण डूरंड कप का मैच रद्द




**कोलकाता।** मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच रविवार को यहां साल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले डूरंड कप मैच को शहर में मौजूदा अशांति के कारण रद्द कर दिया गया है। यह निर्णय कोलकाता पुलिस अधिकारियों और टूनार्मेंट के आयोजकों के बीच एक बैठक के बाद लिया गया। एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया जाएगा, जबकि प्रशंसकों को खरीदे गए टिकटों का पूरा पैसा वापस मिलेगा। यह भी पता चला है कि कोलकाता में होने वाले डूरंड कप के सभी मैच जमशेदपुर में स्थानांतरित किए जा सकते हैं।

इस मामले में हालांकि आधिकारिक बयान का इंतजार है। आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सक का शव नौ अगस्त को मिला था, जिसके बाद से व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने अपने सहकर्मी के कथित बलात्कार और हत्या के विरोध में शनिवार को 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल फैन क्लब दोनों द्वारा विरोध प्रदर्शन के आह्वान के बाद 66,000 क्षमता वाले स्टेडियम के पास लगभग एक लाख लोगों के इकट्ठा होने की उम्मीद है।

डूरंड कप मीडिया की ओर से जारी बयान के मुताबिक, डूरंड कप आयोजन समिति की ओर से, आपको खेद के साथ सूचित किया जाता है कि 18 अगस्त 2024 को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले मोहन बागान सुपरजायंट्स और इमामी ईस्ट बंगाल एफसी के ग्रुप ए मैच को रद्द कर दिया गया है। टूनार्मेंट के टिकट साझेदार बुकमायशो के अनुसार मैच रद्द होने के बाद सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन टिकटों का पैसा वापस कर दिया जाएगा। इसमें कहा गया, इससे जुड़ी तारीख और रिफंड प्रक्रिया अगले दो दिनों के भीतर अधिसूचित की जाएगी।

# पूर्व डिप्टी मेयर स्वर्गीय यज्ञदत्त माहोर को दी गई श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व डिप्टी मेयर स्वर्गीय यज्ञदत्त माहोर की शोक सभा रविवार को आयोजित की गई। विजय नगर के उत्सव भवन में आयोजित शोकसभा में समाज के गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। वक्ताओं ने स्वर्गीय यज्ञदत्त माहोर को याद करते हुए कहा कि वह लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करने वाले नेता थे। उनका राजनीतिक और सामाजिक जीवन शुचिता से परिपूर्ण रहा। उनके जैसे व्यक्तित्व की कमी हमेशा खलेगी। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग, उ.प्र. राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, महापौर सुनीता दयाल, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, प्रदेश संयोजक अजय शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, मानसिंह गोस्वामी, पूर्व महानगर अध्यक्ष अशोक मोंगा, पूर्व मेयर आशु वर्मा, बलदेव राज शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, अरविंद भारतीय, महेश अग्रवाल, केके शुक्ला, सुशांत गोयल, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, पूर्व पार्षद राजेश पाल, सुनील चौधरी, राजेंद्र त्यागी, अनिल स्वामी, सतीश चोपड़ा, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा कुलदीप कुमार, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, सुधीर शर्मा, देवेंद्र त्रिपाठी, प्रताप सिंह, पार्षद उमेश नागर, संतोष राणा, पूनम सिंह, विजेंद्र चौहान, देवनारायण शर्मा, अमित त्यागी, गोपाल सिसोदिया, पूर्व पार्षद चंपा माहौर, ललित कश्यप, सुनील यादव, सुरेंद्र नागर, तेजपाल सिंह राणा, सरदार सिंह भाटी, सुरेंद्र सेन, राजेश शर्मा, अमरदत्त शर्मा, सरदार एसपी सिंह, पंकज भारद्वाज, सचिन सोनी, अश्वनी शर्मा, ज्ञानेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश शास्त्री, रॉबिन सागवान, सुखविंदर सिंह, सोनू बग्गा, कामेश्वर त्यागी, कुंजन शर्मा, जितेंद्र त्रिवेदी, देशराज देसी, ताराचंद सारस्वत, रामबाबू शर्मा, बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व सचिव विजय गौड़, रानीता सिंह, साक्षी नारंग, धनपाल कोरी, तहसील बार के पूर्व अध्यक्ष वेदपाल कुशवाहा, राकेश बवेजा, हरप्रीत सिंह जग्गी एवं हरिओम माहौर(पुत्र), लेखराज माहौर एडवोकेट (भाई) एवं समस्त शोकाकुल परिवार ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।




## कह दिया फूल वाले ने कि वजीर आप तो बह गये बिरादरी पतनाले में

मंचो से बाते कितनी भी सबके साथ की हो लें कितनी भी सबके विकास की हों ले मगर सियासत वाले जानते हैं कि मौहल्ले वाले टिकट से लेकर मडंल वाले पद तक बिरादरी बैलेंस साधा ही जायेगा। इस बार तो वैसे भी तुसी मुसी वालों ने मोर्चा खोल रखा हैं कि असी ता ऐसे ही रह गये सानू वी मौका दो चुनाव लड़न दा। फूल वालों की जुबान से ही किस्सा बाहर आया और बताने वाले ने बताया कि बिरादरी की बात चली तो सरकार वाले वजीर ने अपनी बिरादरी के ही वोट गिनाने शुरू कर दिये। वजीर बिरादरी के पतनाले में इतना बह गये कि मतदाता सतुंलन ही डगमाने लगा। तब रोकने वाले ने उन्हे रोका और टोकने वाले ने उन्हे टोका और कहा कि जिल्ले इलाही गुस्ताखी माफ हो लेकिन इतने ठाकुर तो साठा चौरासी में भी नही हैं जितने आप ने शहर में गिना दिये हैं।

## लोकसभा में जैसे रहे लोकल तो विधानसभा में भी रहो इतने ही वोकल

शहर विधानसभा की बची खुची पारी खेलने के लिये दावेदारी हो रही है। पार्टी को भी पता है कि इस एक विधानसभा से ना सरकार पर कोई असर नही पड़ रहा लेकिन किसी के कैरियर पर जरूर शहर विधायक वाला खिताब आ जायेगा। कमाल ये हो गया कि लाईनपार वाले साइलेंट हैं और नदियापार वालों ने तूफान उठा रखा है। कोई अपने हवनकुंड लेकर पूरे झुंड के साथ कथा सुनवा रहे हैं। कोई तिरंगा हाथ में लेकर बाईक पर घूम रहे हैं। हाथी वाले भाईसाहब तो महंगी कारों में सन रूफ से निकल कर ऐसे घूमें जैसे टिकट हो ही गया हो। बीच बीच में अलाने भईया और फलानी दीदी के नाम का भी जिक्र चल जाता है। इन सबके बीच लाईन पार वाले उसे भगवा चेहरे ने अपनी बात कही और सेंटर में शहर वालों को ही रख लिया। उन्होने कहा कि अगर लोकसभा के टाईम पर लोकल को लेकर वोकल थे तो विधानसभा में भी वोकल रहो। जीत का मैथ और मैप दोनो ही लाईनपार तय करेगें और टिकट की डिमांड रिवर पार वाले करेगे वाह भई वाह। शहर की सीट हैं तो शहर के ही चेहरें रहेगें चुनावी रण में।

## क्यों बोले वो त्यागी अगर मैने भी फूल वालों की नाक ना रगड़वा दी

निगम में फूल वालों की सरकार है और फूल वालों का ही कब्जा है। मगर फूल वालों को लेकर सरकारी मुलाजिमों में एक गजब ही जज्बा है। नगर निगम में किस्सा उस फोन रिकार्डिंग का गूंज रहा है जिसमें एक विपक्षी दल के पार्षद का प्रतिनिधि सीवर को लेकर किन्ही त्यागी जी से बात कर रहा है। मेनहोल की बात चलती हैं और इसमें पोल ही नगर निगम में चल रहे सिस्टम की खुलती है। इस बातचीत में त्यागी जी पहले तो बताते हैं कि मेरे हाथ में कुछ नही हैं और काम अब वबाग के हाथ में हैं। फिर कुछ ऐसा हो जाता है कि त्यागी जी की जुबान फोन पर ही बदले वाली टोन में आ जाती है। वो कहते हैं कि अगर इन भाजपा वालो की नाक ना रगड़वा दी तो मेरा नाम भी त्यागी नही। अब फूल वाले ही जानना चाहते हैं कि आखिर त्यागी जी निगम के सदन में मेयर, सूबे की सरकार में, सगंठन में, सासंद, विधायक, एमएलसी में से किस किस की नाक रगड़वा कर ही शांत होगें और त्यागी जी आखिर भाजपा के प्रति इतने गुस्से में क्यों हैं।

# दयाल पब्लिक स्कूल में बहन भाई के पावन पर्व पर राखी व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दयाल पब्लिक स्कूल निरंकारी कालोनी विजय नगर गाजियाबाद में बहन भाई के पावन पर्व पर राखी वा मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे बच्चो ने की राखी के माध्यम से बहन भाई के रिश्ते को उजागर किया गया। इस अवसर पर सरदार दामोदर सिंह जग्गी प्रबंधक वा प्रधानाचार्य सतविंदर कौर उप प्रधानाचार्य दीपिंदर कौर ने उत्कृष्ट राखी , कार्ड वा मेहंदी को प्रस्कृत किया। कार्ड प्रेतियोगिता में प्रथम काकुल,प्राची, द्वितीय वानी, दिव्या तृतीया मानवी रहे। राखी प्रतियोगिता में प्रथम अयान अली, हिमांशु द्वितीय ऋषभ, पीयूश, तृतीया इशिका, लवी, प्रिंस रहे। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम जानवी, लियोन, द्वितीय अलीना,रितिका तृतीय सोनम, सांत्वना पुरस्कार दीपिका को मिला।

# स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज में 'फार्मास्युटिकल उद्योग में कैरियर के अवसर और उत्पादों की गुणवत्ता नियंत्रण का महत्व' पर अतिथि व्याख्यान आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेजए एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी (एसजीयू) ने सत्र 2024-25 के नए प्रवेशकों के लिए 'फार्मास्युटिकल उद्योग में कैरियर के अवसर और उत्पादों की गुणवत्ता नियंत्रण का महत्व' पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। रिसोर्स पर्सन बायो.मेड प्राइवेट लिमिटेड, गाजियाबाद के फामाकोविजिलेंस अधिकारी और गुणवत्ता नियंत्रण कार्यकारी उत्सव राय थे। सुंदर दीप समूह के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल और एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रभारी कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार और पीयूष श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त, आईजी पुलिस और रजिस्ट्रार ने नए प्रवेशकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) शालिनी शर्मा ने छात्रों को वरिष्ठों के अनुभवों से सीखने की सलाह दी। प्रभारी कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि हमारे छात्र फार्मास्युटिकल विज्ञान के आगामी भविष्य को प्रोत्साहित करने के लिए हमारे संसाधन बनकर मानदंड स्थापित कर रहे हैं। आप सभी के पास हमारे पूर्व छात्र तथा रिसोर्स पर्सन उत्सव राय का एक जीवंत उदाहरण है जो फामाकोविजिलेंस अधिकारी के रूप में काम कर रहे हैं। इसलिए छात्र अपने लक्ष्य निर्धारित करें और आगे बढ़ें।

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर नंदिनी गोयल ने किया। इनके अलावा स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के सभी संकाय सदस्य, कर्मचारी और छात्र भी सत्र के दौरान उपस्थित थे।

### फार्मास्युटिकल उद्योग कैरियर के कई अवसर प्रदान करता है : उत्सव राय

उत्सव राय ने छात्रों को बताया कि फार्मास्युटिकल उद्योग विभिन्न कार्यों में कैरियर के कई अवसर प्रदान करता है, जिसमें गुणवत्ता नियंत्रण, फार्मास्युटिकल उत्पादों की सुरक्षा, प्रभावकारिता और नियामक अनुपालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्रों से भी बातचीत की और अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा किये।

# मेरठ से गाजियाबाद तक नमो भारत ट्रेन शुरू

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मेरठ से रैपिड रेल यानी नमो भारत ट्रेन आज दोपहर 2 बजे गाजियाबाद के लिए रवाना हुई। मेरठ साउथ स्टेशन (भूड़ बराल) से गाजियाबाद के साहिबाबाद तक 42 किलोमीटर का सफर भास्कर रिपोर्टर ने भी तय किया। ट्रेन ने ये दूरी सिर्फ 32 मिनट में तय की। ट्रेन 155 की स्पीड में दौड़ी। ठउफ्ळउ (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम) की ओर से इस शुरूआत की कोई उद्घाटन सेरेमनी नहीं रखी गई। ये ट्रेन मेरठ साउथ, मोदीनगर नॉर्थ, मोदीनगर साउथ, मुरादनगर, दुहाई डिपो, दुहाई, गुलधर, गाजियाबाद होते हुए साहिबाबाद स्टेशन पहुंची। मेरठ के टीपीनगर, परतापुर इलाके में रहने वाले लोगों को खासकर इस ट्रेन का फायदा मिलेगा। यात्री मेरठ साउथ स्टेशन से नमो भारत ट्रेन पकड़ कर गाजियाबाद के साहिबाबाद स्टेशन तक जाएंगे। साहिबाबाद स्टेशन के नजदीक ही वैशाली मेट्रो स्टेशन है। यहां से मेट्रो से दिल्ली में कहीं भी जा सकते हैं। मेरठ का साउथ स्टेशन शहर का आउटर पॉइंट है। मेरठ शहर के अंदर मेट्रो ट्रेनें चलाई जाएंगी। वो मेरठ साउथ स्टेशन पर आकर नमो भारत ट्रेनों से कनेक्ट हो जाएंगी।

## जन जागरूकता



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यूपीएचसी कैला भट्टा में तैनात डीबीसी फराज खान ने रविवार को कैला भट्टा के पार्षद के कार्यालय में पार्षद प्रतिनिधि रमीज राजा सैफी के सहयोग से संचारी रोगों के बारे में जन जागरूकता करने का प्रयास किया और मलेरिया परीक्षण भी किया। इस मौके पर अनस सैफी, नासिर चौधरी, नौमान सैफी, कपिल शर्मा, शौकीन, जिशान आदि लोग उपस्थित रहे।






# पुलिस परीक्षा के बाद फिर बढ़ेगी हलचल

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पुलिस परीक्षा को शांतिपूर्वक और सफलता के साथ करने की तैयारी शुरू हो गई हैं। पुलिस परीक्षा के लिए खुद कमिश्नरेट वाले साहब से लेकर दोनों एडिशनल सीपी अपने-अपने स्तर पर तैयारी कर रहे हैं। लगातार बैठकें और अलग-अलग स्तर पर तैयारी चल रही है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए जानकारी निकाल कर आ रही है कि अलग-अलग जोन में जो बदलाव वाला मामला एसीपी स्तर से लेकर कुछ टू-स्टार और चौकी प्रभारी के बदलाव के संकेत मिल रहे थे, उनको कुछ दिनों के लिए होल्ड माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि पुलिस परीक्षा के बाद फिर एक बार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हलचल बढ़ेगी। वहीं सुनने में आ रहा है कि जिन लोगों के यहां से बाहर ट्रांसफर हुए थे, उनमें भी होल्ड वाली स्थिति बन सकती है। सुनने में आ रहा है कि 2015 बैच के जिन लोगों के आदेश आ गए थे, उसमें से अभी 20 परसेंट को ही भेजा गया है। अन्य को भी कुछ दिन रोका जा सकता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी और नदियापार में भले एक-एक बदलाव हुआ हो लेकिन संभावना कुछ और भी बनती हुई नजर आ रही है। जो पुलिस परीक्षा के बाद फिर एक्टिव मोड में देखने को मिल सकती है। उधर पुलिस के तमाम एसीपी स्तर के अधिकारियों की इसके लिए ड्यूटी लगाई गई है। तो पूरी पुलिस परीक्षा को बेहद हाई सिक्युरिटी जोन में तब्दील कर कराने का कार्यक्रम बनाया गया है। अधिकारियों की टेंशन इस बात को लेकर भी है कि कोई ऊंच नीच ना हो जाए और किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर मामला बिगड़ सकता है। लखनऊ से लेकर खुफिया विभाग वाले भी प्रमुख शहरों में होने वाली प्रदेश स्तरीय पुलिस परीक्षा को लेकर निगरानी रख रहे हैं, कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि आगामी दो सप्ताह बहुत ज्यादा हलचल नहीं रहेगी, लेकिन पुलिस परीक्षा के बाद कुछ फेस और प्लेस बदलाव के साथ नजर आने वाले हैं। वहीं पुलिस परीक्षा के दौरान छोटी सी लापरवाही ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए बड़ा सिर दर्द बन सकता है। इसके संकेत शनिवार को हुई कमिश्नरेट के शीर्ष अधिकारियों की बैठक में भी अधिकारियों द्वारा दिए जा चुके हैं। यही नहीं अधिकारियों ने तो बाकायदा अपनी ड्यूटी को लेकर रिहर्सल करने तक का निर्देश दे दिया है। जो बता रहा है कि इस बार की ड्यूटी पहले से अलग रहने वाली है।




# ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र ने गाजियाबाद में रक्षाबंधन के कार्यक्रमों का किया आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एक वैश्विक आध्यात्मिक संगठन है। पूरे विश्व में इसके 140 देशों में 9000 से अधिक सेवा केन्द्र हैं। रक्षाबंधन का त्यौहार पूरे विश्व में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्रों में धूमधाम से मनाया जाता है जिसमें वहां आने वाले नियमित विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व के बारे में समझाया जाता है। इसी कड़ी में मोहन नगर, पार्श्वनाथ पैराडाइज तथा गुलमोहर गार्डन में रक्षाबंधन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। मोहन नगर सेवा केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी लवली, ब्रह्माकुमारी रूपा, दीपांशी, भावना, वृंदा के सान्निध्य में नियमित विद्यार्थियों के अलावा अनेक विशिष्ट भाई बहनों ने लाभ लिया।



इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, विधायक मुरादनगर अजीत पाल त्यागी, पूर्व महापौर आशू वर्मा, जी डी ए परिषद सदस्य पवन गोयल, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी, वर्तमान वरिष्ठ पार्षद विरेन्द्र त्यागी, पार्षद मनोज त्यागी, पार्षद अमित त्यागी, सचिव फार्मा एसोसिएशन राजीव त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजदीप त्यागी, वाणिज्यिक कर अतिरिक्त आयुक्त दिनेश मिश्रा, संयुक्त आयुक्त कुमार आनंद, उपायुक्त बहन वंदना, पुलिस उपायुक्त निमिष पाटिल आदि अनेक विशिष्ट व्यक्तियों को राखी बांधी गई और रक्षा बंधन के आध्यात्मिक महत्त्व के बारे में बताया गया। इसके अलावा एनआईएससी ओआरटी मीडिया इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर फादर रौडरिग्ज रॉबिंसन, फादर विजू, प्रिंसिपल रितु दुबे तिवारी तथा पूरे स्टाफ को राखी बांधी गई।

## गाजियाबाद के विशिष्ट व्यक्तियों को राखी की डोर से बांधा



# सूडान में नरसंहार : अर्द्धसैनिक बलों ने की अंधाधुंध फायरिंग, 85 लोगों की मौत



सूडान के अर्द्धसैनिक बलों के हमले में 85 लोगों की मौत की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सूडान की पैरामिलिट्री रैपिड सपोर्ट फोर्सेस ने सूडान के एक केंद्रीय गांव पर हमला कर 85 लोगों की हत्या कर दी। सूडान में बीते 18 महीने से चल रहे संघर्ष में यह हिंसा की ताजा घटना है। घटना बीते हफ्ते की है। इससे पहले जुलाई में भी रैपिड सपोर्ट फोर्स ने सेन्नार प्रांत के गलगनी इलाके में भी हमला किया था।

**महिलाओं का अपहरण रोकने की वजह से हुआ हमला :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सूडान की पैरामिलिट्री फोर्स रैपिड सपोर्ट फोर्स के कुछ जवान गांव पहुंचे थे और उन्होंने यौन शोषण के उद्देश्य से कुछ महिलाओं और लड़कियों का अपहरण करने की कोशिश की। जिसका गांव के लोगों द्वारा विरोध किया गया। विरोध के चलते जवान मौके से भाग गए। हालांकि कुछ देर बाद ही बड़ी संख्या में पैरामिलिट्री के जवान कई वाहनों में सवार होकर गांव पहुंचे और उनके साथ बड़ी संख्या में स्वचालित हथियार भी थे। पैरामिलिट्री के जवानों ने आते ही गांव वालों पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें महिलाओं, बच्चों समेत 85 लोगों की मौत होने का दावा किया जा रहा है।

**सूडान में सेना और अर्द्धसैनिक बल आमने-सामने :** सूडान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि हमले में 150 गांव वाले घायल भी हुए हैं। बता दें कि सूडान में रैपिड सपोर्ट फोर्स पर अक्सर नरसंहार, दुष्कर्म और हिंसा के आरोप लगते रहते हैं। सूडान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि हमले में 150 गांव वाले घायल भी हुए हैं। बता दें कि सूडान में रैपिड सपोर्ट फोर्स पर अक्सर नरसंहार, दुष्कर्म और हिंसा के आरोप लगते रहते हैं। सूडान की सेना और वहां के अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स यानी आरएसएफ के बीच बीते साल अप्रैल से टकराव चल रहा है। इस दौरान हिंसा में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो चुकी है। दरअसल में सूडान में नागरिक सरकार को सत्ता हस्तांतरित करने की मांग को लेकर 2021 से ही संघर्ष चल रहा है। मुख्य विवाद सेना और अर्द्धसैनिक बल आरएसएफ के विलय को लेकर है।

**सेना प्रमुख और आरएसएफ प्रमुख की लड़ाई में जल रहा देश :** अक्तूबर 2021 में सूडान में तख्ता पलट के बाद से ही सेना प्रमुख जनरल अब्देल फतेह अल बुरहान देश की कमान संभाल रहे हैं। वहीं अर्द्धसैनिक बल आरएसएफ के प्रमुख हमदान दगालो यानी हेमेदती देश के दूसरे नंबर के नेता हैं। सेना की कोशिश है कि आरएसएफ का सेना में विलय हो जाए। हालांकि करीब एक लाख की तादाद वाली आरएसएफ के विलय के बाद सेना का नेतृत्व कौन करेगा, इस पर सहमति नहीं बन पा रही है। इसके बाद ही विवाद शुरू हुआ, जो हिंसा में बदल गया और बीते एक साल से हिंसा जारी है।

### रूस-यूक्रेन के बीच चरम पर तनाव

# मॉस्को का आरोप- कुर्स्क में बने पुल को पश्चिमी हथियारों से बनाया निशाना




**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध ढाई साल से अधिक समय से जारी है। दोनों में से कोई भी देश पीछे हटने को तैयार नहीं है। इस बीच, मॉस्को ने कीव पर हमले में पश्चिमी रॉकेटों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है, जो संभवतः अमेरिका में बनाए गए हैं। उसका कहना है कि कुर्स्क क्षेत्र में सेयम नदी पर बने पुल को पश्चिमी हथियारों से निशाना बनाया गया। इसकी वजह से नागरिकों को निकालने की कोशिश कर रहे स्वयंसेवकों की मौत हो गई।

यूक्रेन की सेना ने शुक्रवार को कुर्स्क के ग्लुशकोवस्की जिले में पुल पर हमला किया क्योंकि वे पश्चिमी रूस के क्षेत्र में अपनी घुसपैठ बढ़ा रहे हैं। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शुक्रवार देर रात टेलीग्राम मैसेजिंग एप पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहली बार कुर्स्क क्षेत्र पर पश्चिमी देश में बने रॉकेट लॉन्चर का इस्तेमाल किया गया है। संभवतः अमेरिकी एचआईएमएआरएस से यह हमला किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि पुल पर हुए हमले का नतीजा यह था कि यह पूरी तरह नष्ट हो गया था। स्वयंसेवक जो नागरिकों को बाहर निकालने में मदद कर रहे थे, मारे गए।

**रूस में अपनी घुसपैठ बढ़ा रहा कीव**

**लोगों की हत्या की गई :** रूस की समाचार एजेंसी ने दो स्वयंसेवियों के नाम जारी करते हुए कहा कि हमले कर लोगों की हत्या कर दी गई। रूसी अधिकारियों ने यह भी कहा है कि पुल के ध्वस्त होने से क्षेत्र से नागरिकों की निकासी में बाधा उत्पन्न होगी।

**82 बस्तियों पर नियंत्रण :** कुर्स्क में यूक्रेन की घुसपैठ अमेरिका और उसके कई नाटो सहयोगियों द्वारा मई में यह कहे जाने के कुछ महीने बाद हुई है कि उन्होंने कीव को रूस के अंदर लक्ष्य पर हमला करने के लिए अपने हथियारों

# हिमालय क्षेत्र में दो ग्लेशियर झीलों के फटने से आई नेपाल के गांव में तबाही




**काठमांडू।** सेना के अधिकारियों, नगर निकाय और वैज्ञानिकों ने आज पुष्टि की कि नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में ऊंचाई पर स्थित थामे गांव में विनाशकारी बाढ़ दो ग्लेशियर झीलों के फटने से आई थी। जिससे भारी तबाही मची। बाढ़ ने गांव के आधे से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचाया। यह घटना शुक्रवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे (स्थानीय समयानुसार) हुई। बाढ़ बड़े पत्थर, मलबा और कीचड़ को अपने साथ ले आई, जिससे गांव को बहुत नुकसान हुआ।

**सेना के कैंप में 92 लोगों को दी गई शरण :** अधिकारियों ने बताया कि थामे गांव खुम्बू सासंग ल्हामू ग्रामीण नगर पालिका-5 के तहत आता है। करीब 93 लोग जो ऊंचाई वाले इलाके की ओर भाग गए थे या जिन्हें बचाया गया, उन्हें अब सेना के कैंप में शरण दी गई है। जबकि 42 अन्य लोगों को पास के एक सामुदायिक भवन में अस्थायी रूप से रखा गया है।

अब तक किसी के मौत की खबर नहीं है। हालांकि, एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा है। बाढ़ ने दुधकोशी नदी की एक सहायक नदी को प्रभावित किया है। एक विशेषज्ञों और अधिकारियों की टीम को हेलीकॉप्टर की मदद से आपदा स्थल का निरीक्षण और अचानक आई बाढ़ की जांच करने के लिए भेजा गया। हेलीकॉप्टर ने ऊंचाई पर ग्लेशियर झीलों तक उड़ान भरी।

हिमालयन टाइम्स के मुताबिक, हवाई निरीक्षण के बाद पुष्टि की गई कि बाढ़ ग्लेशियर झील के फटने से आई, जो घाटी के ऊपर स्थित कई झीलों में से एक थी। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, थामे गांवे के ऊपर बनी पांच ग्लेशियर झीलों में से दो झील फट गईं, जिसने बाढ़ के रूप में निचले क्षेत्रों को प्रभावित किया।

**पर्वतारोही तेंजिंग नॉर्गे का जन्मस्थल है थामे गांव :** थामे गांव एवरेस्ट क्षेत्र का प्रवेश द्वार माने जाने वाले नामचे बाजार से 16 किलोमीटर की दूरी पर है।

# हिमालय की चोटी से स्की-बेस जंप कर 18,753 फीट नीचे आया ब्रिटिश शख्स




**विशेष।** एक ब्रिटिश एडवेंचरर ने हिमालय में 18,753 फुट चट्टान से स्कीइंग करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। 34 वर्षीय जोशुआ ब्रेगमेन ने 5,716 मीटर ऊंचाई से छलांग लगाकर पैराशूट के जरिए जमीन पर उतरकर दुनिया की सबसे अधिक ऊंचाई वाली स्की जंप पूरी की। उन्होंने फ्रांसीसी मैथियास जिराउड के 4,359 मीटर के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गिनीज रिकॉर्ड में स्की जंपिंग को एक ऐसा खेल माना जाता है, जिसमें जिसमें स्कीइंग और बेस जंपिंग जुड़े होते हैं।

ब्रेगमेन ने इस रिकॉर्ड को बनाने के लिए दो सप्ताह से तैयारी की। उनकी तैयारी में हाइकिंग, स्कीइंग, अत्यधिक ऊंचाई पर कैंपिंग इत्यादि शामिल था। बता दें कि यह चुनौती नेपाल में मानव तस्करी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शुरू की गई थी। नेपाल में हर साल हजारों की संख्या में बच्चों की तस्करी होती है। जोशुआ अपने इस रिकॉर्ड के जरिए एक चैरिटी (दान) के लिए पैसे जुटाना चाहते थे।

**जोशुआ ब्रेगमन ने बताया अनुभव :** जोशुआ ब्रेगमेन ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, हम सभी ने बहुत कड़ी मेहनत की। ऑक्सीजन की कमी, लगातार सिरदर्द और लगभग 6,000 मीटर की ऊंचाई पर सोने से हालत खराब हो गई। यह एवरेस्ट पर चढ़ने से भी कठिन था। दो दिन बाद जोशुआ ने स्की करते हुए छलांग लगाई और मैथियास जिराउड के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उन्होंने कहा, थकावट और ऑक्सीजन की कमी के कारण छलांग लगाने से पहले मैंने लंबी सांस ली, इससे उत्साह और भी बढ़ गया।

बता दें कि उन्होंने इस रिकॉर्ड को बनाने के लिए पूरा खर्च खुद ही उठाया था। उन्होंने अपने दोस्त से सेकेंड हैंड स्की उपकरण लेकर इस रिकॉर्ड को बनाया। मीडिया से बात करते हुए जोशुआ ने कहा कि कुछ कर दिखाने के लिए महंगी चीजों की नहीं बल्कि साहस की जरूरत होती है। उन्होंने आगे कहा कि वे इससे पूरी तरह से सहमत भी हैं।




# पाक पहुंचा मंकीपॉक्स वायरस सरकार ने बढ़ाई निगरानी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) वायरस का एक मामला सामने आने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। सरकार ने वायरस से निपटने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की है। इसके साथ ही सरकार ने सभी हवाई अड्डों और देश के प्रवेश द्वारों पर निगरानी बढ़ा दी है। वहीं, लोगों से आह्वान किया है कि वह मंकीपॉक्स के फैलने के बारे में चिंता न करें।

**पीएम शरीफ ने बैठक में कड़ी निगरानी के निर्देश दिए**

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य समन्वयक डॉ. मुख्तार अहमद ने शनिवार को बताया कि देश में मंकीपॉक्स का केवल एक मामला दर्ज किया गया है। इसके साथ ही सरकार ने सभी हवाई अड्डों और प्रवेश बिंदुओं पर निगरानी बढ़ाने के साथ ही स्क्रीनिंग तंत्र को तैनात किया है। बाहर से आने वाले सभी लोगों की स्क्रीनिंग किए जाने के बाद ही एंट्री दी जा रही है।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, अहमद ने कहा कि सभी प्रांतों और संघीय राजधानी में निदान के लिए प्रयोगशालाएं आवंटित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में मंकीपॉक्स के मामले सामने आने के बाद देश में सतर्कता बरती जा रही है। कहा कि अफ्रीका, अमेरिका और खाड़ी देशों से आने वाले यात्रियों पर नजर रखी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय दैनिक आधार पर निरंतर निगरानी सुनिश्चित कर रहा है और सरकार भी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है।

मंकीपॉक्स के लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें: अहमद

स्वास्थ्य समन्वयक अहमद ने जनता से अपील की है कि यदि उनके परिवार में किसी व्यक्ति को यात्रा के बाद मंकीपॉक्स के लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो वह घर के अन्य लोगों से अलग रहें। उन्होंने कहा कि मंकीपॉक्स के कोई भी लक्षण दिखाई देने पर तुरंत योग्य चिकित्सक से संपर्क कर परामर्श लें और चिकित्सक के निदेशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि लक्षण दिखने में 10 से 15 दिन लग सकते हैं। वहीं, मरीज के साथ बहुत अधिक समय बिताने से संक्रमण फैल सकता है। बेहतर होगा कि मरीज को क्वारंटाइन कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि बुखार की दवाओं का इस्तेमाल एमपॉक्स के लिए किया जाता है।

इससे पहले, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंकीपॉक्स के मुद्दे पर एक बैठक की अध्यक्षता कर बीमारी के प्रसार पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। कहा कि सभी हवाई अड्डों, बंदरगाहों और सीमाओं पर प्रभावी स्क्रीनिंग उपाय सुनिश्चित किए जाएं, इसके अलावा सीमा स्वास्थ्य सेवाओं को स्थिति की पूरी निगरानी रखने के लिए कहा जाए।

उन्होंने एक प्रभावी जागरूकता अभियान शुरू करने के लिए कहा और संकेत दिया कि वह मंकीपॉक्स की स्थिति को लेकर एक साप्ताहिक ब्रीफिंग करेंगे।

# डकैती के बाद भारतवंशी मेनांक पटेल की गोली मारकर हत्या




**वाशिंगटन।** अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना प्रांत में एक किशोर लड़के ने एक सुविधा स्टोर को लूटने के बाद 36 वर्षीय भारतीय मूल के मेनांक पटेल की गोली मारकर हत्या कर दी। सैलिसबरी पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 2580 एयरपोर्ट रोड पर टोबैको हाउस स्टोर के मालिक मेनांक पटेल की मौत के बाद एक किशोर को हिरासत में ले लिया गया है। रोवन काउंटी शेरिफ कार्यालय के सार्वजनिक सूचना अधिकारी कैप्टन मार्क मैकडैनियल ने कहा, पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो पटेल कई गोलियां लगने से बुरी तरह घायल थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत बताया गया। सीसीटीवी में एक लंबा, युवक दूर स्टोर की पार्किंग में भागता हुआ दिखाई दे रहा है।

**शोक में है भारतीय समुदाय :** मेनांक अपनी साढ़े सात महीने की गर्भवती पत्नी, अमी और उनकी 5 साल की बेटी को पीछे छोड़ गए हैं। ग्राहकों और कर्मचारियों का कहना है कि पटेल किसी के लिए भी कुछ भी कर सकता था। उनकी मौत से पूरा भारतीय समुदाय शोक में है।

# कमला हैरिस के चुनावी प्रचार में 370 मिलियन डॉलर होंगे खर्च

## कहा- अधिकतम मतदाताओं तक पहुंच बनाएंगे



**वाशिंगटन।** हैरिस-वाल्ज अभियान का कहना है कि वह मजदूर दिवस और 5 नवंबर के बीच डिजिटल और टेलीविजन विज्ञापनों पर कम से कम 370 मिलियन डॉलर खर्च करने की योजना बना रहा है। इसका उद्देश्य चुनाव के अंतिम चरण में मतदाताओं तक पहुंच बनाने का है।

अभियान के प्रबंधक क्वेंटिन फुल्क्स और रॉब फ्लेहर्टी ने शनिवार को बताया कि विज्ञापनों में 170 मिलियन डॉलर टीवी के लिए जबकि 200 मिलियन डॉलर की धनराशि डिजिटल के लिए आरक्षित की गई है।

अभियान ने बताया कि प्रमुख खेल आयोजनों के अलावा ऐसे बड़े इवेंट को प्रचार के लिए फोकस किया जा रहा है, जहां ज्यादा से ज्यादा दर्शक मौजूद हों। इसके जरिए हम ट्रंप को हैरिस के खिलाफ प्रचार करने से रोक पाएंगे, जो कि अपने हिसाब से कमला के व्यक्तित्व को परिभाषित करने की कोशिश क रहे हैं।

ट्रम्प और उनके सहयोगी सुपर-पीएसी ने अगस्त में लगभग 60% विज्ञापन समय बुक किया है, जो कि डेमोक्रेट्स के विज्ञापन वक्त के एक दम विपरीत है। जानकारी के मुताबिक मजदूर दिवस के जरिए ट्रंप ने 60 मलियन डॉलर खर्च करने की योजना बनाई है।

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मौजूदा उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच कांटे की टक्कर है। रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को अर्थव्यवस्था और मुद्रा स्फीति के मुद्दे पर घेरने की तैयारी की है। इसके साथ ही ट्रंप ने अपने चुनाव अभियान में कुछ पुराने चेहरों को शामिल किया है।

चुनाव अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप लगातार कमला हैरिस पर हमलावर हो रहे हैं। जुबानी जंग में पिछली बार उन्होंने कमला हैरिस पर प्रचार अभियान में एआई का उपयोग करके झूठी भीड़ दिखाने का आरोप लगाया था। इस बार उन्होंने अर्थव्यवस्था का मुद्दा उठाने की रणनीति बनाई है। वहीं कमला हैरिस का कहना है कि वह इस महीने के अंत में सारे जवाब देंगीं।

# गाजा में 25 वर्षों में पोलियो का पहला मामला दर्ज बिना टीकाकरण वाले 10 महीने के बच्चे में मिले लक्षण



**गाजा।** इस्राइल-हमास युद्ध के बीच गाजा में 25 वर्षों में पहला पोलिया का मामला दर्ज किया गया है। जॉर्डन में परीक्षण के दौरान मध्य गाजा पट्टी के एक बिना टीकाकरण वाले 10 महीने के बच्चे में वायरस की पुष्टि हुई है।

फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पोलियो का यह मामला तब पकड़ में आया, जब संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने हजारों बच्चों का टीकाकरण करने के लिए इस्राइल-हमास युद्ध को रोकने का आह्वान किया था। 25 वर्षों तक पोलियो के बिना रहने के बाद, गाजा पट्टी में इसके फिर से उभरने से पड़ोसी देशों को खतरा हो सकता है।

फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, जॉर्डन की राजधानी अम्मान में आवश्यक परीक्षण करने के बाद पोलियो संक्रमण की एक 10 महीने के बच्चे में पुष्टि हुई है।

यह मामला तब सामने आया जब गुटेरेस ने गाजा युद्ध में 640000 से अधिक बच्चों का टीकाकरण करने के लिए दो सात दिनों के ब्रेक का आह्वान किया।

संयुक्त राष्ट्र और स्वास्थ्य एजेंसियों ने कहा कि फलस्तीनी क्षेत्र में बच्चों तक पहुंचने के लिए विस्तृत योजना बनाई गई है, जो इस महीने से शुरू हो सकती है। लेकिन, इसके लिए इस्राइल-हमास के बीच 10 महीने से चल रहे युद्ध को रोकना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यूनिसेफ ने कहा कि वे गाजा पट्टी में टाइप 2 पोलियोवायरस (सीवीडीपीवी2) के खिलाफ अगस्त के अंत में शुरू होने वाले दो सात दिवसीय टीकाकरण अभियान की योजना बना रहे हैं।

एजेंसियों ने एक बयान में कहा, 'लड़ाई में ये ठहराव बच्चों और परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं तक सुरक्षित रूप से पहुंचने और सामुदायिक आउटरीच कार्यकताओं को उन बच्चों तक पहुंचने की अनुमति देगा जो पोलियो टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं तक नहीं पहुंच सकते हैं।'

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुटेरेस ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संवाददाताओं से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, 'पोलियो को फैलने से रोकने के लिए व्यापक, समन्वित और तत्काल प्रयास की आवश्यकता होगी। मैं सभी पक्षों से अपील कर रहा हूं कि वे अभियान के लिए मानवीय ठहराव की गारंटी देते हुए तुरंत ठोस आश्वासन दें।'

बता दें कि पिछले महीने 23 जून को यह घोषणा की गई थी कि गाजा में एकत्र किए गए नमूनों में टाइप 2 पोलियोवायरस पाया गया था।

# गाजा संघर्ष वार्ता को लेकर अमेरिका की उम्मीदों पर हमास के अधिकारी ने फेरा पानी, कहा- ये भ्रम है



**यरुशलम।** हमास और इस्राइल बीते 10 महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। कतर, मिस्र और अमेरिका गाजा में जंग रुकवाने का प्रयास कर रहे है। हाल ही में, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि कतर में दो दिनों तक चली बातचीत से गाजा में संघर्ष विराम होने की उम्मीद कहीं अधिक पास दिख रही है। हालांकि, हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इससे साफ इनकार कर दिया।

**हमास की प्रतिक्रिया :** हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य सामी अबू जुहरी ने एक मीडिया चैनल से शनिवार को कहा, 'यह कहना कि हम समझौते के करीब पहुंच रहे ये एक भ्रम है। हम एक सौदे या वास्तविक बातचीत का सामना नहीं कर रहे, बल्कि अमेरिकी फरमानों को लागू करने का सामना कर रहे हैं।'

**समझौते को लेकर सभी पहले से ज्यादा करीबः बाइडन :** हमास का सदस्य जुहरी अमेरिकी राष्ट्रपति के उस बयान का जवाब दे रहा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि कतर में दो दिनों तक चली बातचीत से गाजा में संघर्ष विराम होने की उम्मीद कहीं अधिक पास दिख रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान दोहा में दो दिनों की युद्ध विराम वार्ता के बाद आया था, जहां मंथन के बाद भी कोई सहमति नहीं बन पाई। इस वार्ता में इस्राइल के खुफिया प्रमुख डेविड बार्निया, अमेरिका और मिस्र के समकक्षों के साथ शामिल हुए थे। अब सभी पक्ष युद्ध को रोकने के लिए अगले सप्ताह फिर से वार्ता करेंगे।

**गाजा में पिछले 10 महीनों से चल रहा है युद्ध**

गाजा में पिछले 10 महीनों से चल रहे युद्ध को लेकर यह पहली दफा नहीं है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने समझौते को लेकर आशावादी होने की बात कही हो। हालांकि, इस बीच हमास प्रमुख इस्माइल हानिया की हत्या के बाद से तनाव ज्यादा बढ़ गया है।




# डीएम ने किया अधिवक्ताओं के आश्रितों को सहायता राशि का वितरण









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने रविवार को कलैक्ट्रेट सभागार में स्मृति शेष अधिवक्ताओं के आश्रितों को सहायता राशि का वितरण किया। यह कार्यक्रम पूरे उत्तर प्रदेश में हुआ और सभी जिलों में हुआ। लखनऊ में जहां लोकभवन सभागार में यह कार्यक्रम हुआ। वहीं गाजियाबाद में कलैक्ट्रेटसभागार में दिवंगत अधिवक्ताओं के आश्रितों को सहायता राशि का वितरण किया गया।

## आभार




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अमृत 2.0 पेयजल योजना के अन्तर्गत खोड़ा नगर पालिका के लिए 187करोड़ रूपये स्वीकृत होने पर खोड़ा नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन रीना भाटी ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और नगर विकास मंत्री एके शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# कम्मों पंडित के निमंत्रण पर पहुंचे धार्मिक आयोजन में गणमान्य








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और गाजियाबाद ट्रक ऑपरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश कुमार शर्मा कम्मो पंडित के निमंत्रण पर आयोजित सत्यनारायण कथा और भंडारे में शहर के गणमान्य लोग पहुंचे। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी, कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव, कुनाल त्यागी, पूर्व सपा महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी, अजय त्यागी, कांग्रेस नेता नसीम खान, नरेश बत्रा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# क्षत्रिय समाज ने गाजियाबाद विधानसभा में 'तिरंगा यात्रा' का किया आयोजन

## 300 फुट लम्बा तिरंगा लेकर निकली देशभक्तों की टोली




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के विजय नगर, प्रताप विहार में रविवार को सरदार सिंह भाटी, भानू शिशोदिया, राजपूत संगठन, समस्त पार्षदगण, भाजपा कार्यकर्तागण एवं देश भक्तों ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस यात्रा में महिलाओं ने भी बड़े पैमाने पर हिस्सा लिया और अपनी भागीदारी का प्रदर्शन किया। एडवोकेट सरदार सिंह भाटी ने बताया यह यात्रा रघुवीर बिच्छल द्वार से शुरू होकर सम्राट चौक से थाना विजय नगर से शनि मंदिर से भगत सिंह चौक से शहीद चौक संतोष मेडिकल से भागीरथ चौक लीलावती से बंजारा चौक से सम्राट चौक प्रताप विहार पर समाप्त हुई। यात्रा में 300 फुट लम्बा तिरंगा लेकर देशभक्त चले और हजारों की संख्या में यात्रा में लोग सम्मिलित हुए।

इस तिरंगा यात्रा के मौके पर पार्षद रवि भाटी, पार्षद कालीचरण पहलवान, पार्षद संतराम यादव, पार्षद एसपी सिंह, पार्षद विजेंद्र चौहान, पार्षद ओम प्रकाश ओड, पार्षद सतेंद्र सिंह, दीपक ठाकुर,प्रदीप जादौन, ओम राजपुत, रॉबिन सांगवान, आकाश, हिमांशु, रोहित,मुन्ना सिंह, सत्यपाल राघव, विराट सिंह, संदीप चौधरी,शेर सिंह, भोपाल, अवधेश ठाकुर, उदयभान ठाकुर, छुट्टन तोमर, अजय राजपूत, अशोक भाटी, सचिन शिशोदिया, नवनीत सेंगर, मुकेश, धानसिंह, अमर सिंह सुषमा सिंह दीप्ति चौहान, ममता सिंह इत्यादि हजारों लोग मौजूद रहे।




### गाजियाबाद में यह सबसे बड़ी तिरंगा यात्रा : सरदार सिंह भाटी

**करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद सरदार सिंह भाटी ने कहा कि गाजियाबाद में यह सबसे बड़ी तिरंगा यात्रा थी, जिसमें लोग अपने आपको रोक नहीं पाए और यात्रा के काफिले में शामिल हुए। यात्रा के दौरान पुलिस फोर्स भी तैनात रही और सुरक्षा के उपायों का पालन किया गया। मैं सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इस यात्रा को सफल बनाया।

# गाजियाबाद के व्यापार संगठनों एवं पुलिस विभाग के बीच गोष्ठी आयोजित : पंडित अशोक भारतीय

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** परमजीत सभागार पुलिस लाइन में शनिवार को गाजियाबाद महानगर के व्यापार संगठनों के पदाधिकारियों एवं पुलिस उपायुक्त नगर राजेश कुमार तथा डीसीपी ट्रैफिक पियूष कुमार के मध्यस्थ एक आवश्यक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सलाहकार रितेश शर्मा, जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता बालू भाई, पंडित अशोक भारतीय, प्रशांत सरैया, संजीव तेवतिया, सौरभ यादव तथा अन्य व्यापार संगठनों से देवेंद्र हितकारी,



प्रेमचंद गुप्ता, अनिल सांवरिया, प्रीतम लाल सहित अनेक व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने शिरकत की। मीटिंग में व्यापारियों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर उपायुक्त एवं डीसीपी ट्रैफिक को अवगत कराया गया। गाज़ियाबाद महानगर पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार एवं डीसीपी ट्रैफिक पियूष कुमार ने सभी व्यापारियों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन प्रदान किया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस तरह भानु भैया वेस्टर्न वाले चौधरी साहब का फोटो लगाकर कर रहे है शहर विधानसभा सीट पर प्रचार ? उससे कोई बात स्पष्ट हो ना हो, मगर एक बात क्लियर हो गई है यार ? उनके इस प्रचार का स्पष्ट है संदेश ? जनरली वो दीदी को नहीं मानकर चल रहे है विधानसभा का फेस ? कोई तो वजह है, यूँ ही नहीं दे रहे है वो इतना बड़ा संदेश ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के संगठन वाले बड़े नेता बर्थडे विश करने को लेकर करते है पूरी प्लानिंग से काम ? जिनसे वो ज्यादा मोहब्बत करते है, उसका फोटो फेस बुक पर सुबह ही कर देते है अपनी शुभकामनाओं के साथ फिक्स ? जिससे मोहब्बत कम है और फॉर्मेलिटी भी निभानी है ? ऐसे मामलों में वो डालते है थोड़ा ट्विस्ट ? ऐसे चेहरे को वो दिन निकलने के बाद फेसबुक पर उसका फोटो लगाकर देते है शुभकामनाएँ ? सांप भी मर जाये और लाठी का भी कुछ बिगड़ ना पाये ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार हम उनके फेस के कलर का नहीं करेंगे ज़िक्र ? बस इस सवाल से उनको एक हिंट देना चाहते है ? क्यूंकि उनकी करते है हम बहुत ज्यादा फि क्र ? सुना है उन्होंने मन में पाला हुआ है विधायक बनने का सपना ? मगर जब तक गाज़ियाबाद के सबसे ताकतवर वैश्य नेता उनको लेकर पॉजिटिव नहीं होंगे ? तब तक उनका ये सपना हकीकत में नहीं बदल पायेगा यार ? चाहे तो वो इस बारे में वादियों जैसी आवाज वाले अपने यार से ले लें जानकारी? यार को बखूबी पता है, वैश्य नेता ने इन दावेदार को लेकर कहीं थी इनके दोस्त से बात भारी ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब हमारे प्रिय संयम को नहीं होना होगा आए दिन होने वाले लफड़ो को लेकर परेशान ? सुना है उनके बराबर में शुरू कर दिया है शर्मा एंड कंपनी के सिरमौर ने भी काम ? बस संयम भैया उनका आशीर्वाद लेकर चले अपने साथ ? फिर कोई भी आसानी से नहीं डाल पाएगा उनपर हाथ ? शर्मा जी जिस पर रख देते हाथ, तो निभाते है हमेशा उसका साथ ? यकीन नहीं आता तो इस बारे में बता देंगे फोटो वाले पंडित जी और लेखराज भाईसाहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो था पूजारी उसको भी थी भगवा कमांडर की दावेदारी की जानकारी ? हम बैठे थे एक दावेदार के पास ? वो पुजारी का ज़िक्र कर रहे थे साहब ? कह रहे थे पुजारी को भी थी भगवा कमांडर की बहुत ज्यादा फि क्र ? वो पूजा के बीच में कर रहे थे बार बार शहर विधानसभा का ज़िक्र ? उनके मुख से ऐसे शब्द हमने सुने कई बार ? टिकट तो लगता है पहलवान के दोस्त का ही होगा? क्यूंकि जहाँ अरदास लगी है वो है भोले बाबा का सिद्ध द्वार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था भानु भैया के नियर ? उनके होर्डिंग को लेकर मेरे मन में कई तूफान उठ रहे थे डियर ? मैंने पूछा, आपके होर्डिंग में वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब का भी बड़ा नजर आ रहा है फेस ? आप अपने लिए टिकट माँग रहे हो या सिसोदिया जी के लिए दे रहे जो संदेश ? इस पर कर दी भानु भैया ने अपनी राय क्लियर ? कहा टिकट तो मैं खुद के लिए माँग रहा हूँ ? लेकिन जिनके बूते पर टिकट माँग रहा हूँ उनका तो फोटो बड़ा लगाना ही पड़ता है डियर ? मेरा दिल उनकी हर बार ज़िंदाबाद है कहता, क्यों ना लगायें हम उनके बड़े फोटो, आखिर वो है हमारे नेता ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर के पहलवान दोस्त के अंदाज आजकल हो रहे है कुछ ज्यादा ही फायरी? सुना है अब वो क्रांतिकारी गानों से संदेश दे रहे है ? बंद कर दी है उन्होंने शायरी ? हाल ही में उन्होंने अपने दोस्त का फोटो फेसबुक पर लगाकर, बैकग्राउंड में गाना किया है लोड ? कुछ सेकंड के गाने में डॉग और शेर का ज़िक्र है ? ये मामला बायचंस है या इसमें किसी का ज़िक्र है ? हालांकि पहलवान ने इस गाने से नहीं किया है किसी पर डायरेक्ट वार ? मगर जो संदेश उन्होंने जहाँ तक पहुंचाना था, वहाँ तक पहुँचा दिया है यार ? मामला शुरू हो चुका है अब आर और पार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा भारद्वाज को शायद नहीं था इस बात का ध्यान ? भगवा कल्याणी जी कर देंगे एक बार में ही उनकी डिमांड का कल्याण ? सुना है मिस्टर भारद्वाज ने कल्याणी जी से किया था एप्रोच ? कहा था आप अपना ये कार्यकर्ता मेरे लिए आजाद कर दो ? बहुत दिनों से इसे मैं अपनी टीम में लेने के लिए रहा हूँ सोच ? सुना है ये शब्द सुनकर आ गई कल्याणी जी के चेहरे पर मुस्कान ? उन्हें ऐसा लगा जैसे बिन मांगे पूरे हो गए हो उनके अरमान ? कहा आप अभी कर लो इनको मेरे पास से आजाद ? मेरे इनसे कोई काम पड़ता नहीं है ? बेहतर रहेगा कि ये रहें आपके साथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पंडिता दीदी है इस वक्त एक महिला कार्यकर्ता से बहुत ज्यादा नाराज ? सुना है ये कार्यकर्ता उन्नीस नंबर से डलवाना चाहती है अपने सिर पर ताज ? सुना है पंडिता दीदी की नाराजगी से दावेदारनी है बहुत ज्यादा परेशान ? वो जानती है कि अगर लगी नहीं इनकी मुहर ? तो फिर निकल जाएगा हाथ से टिकट ? चाहे वो जमीन कर लें एक या फिर आसमान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही कर दी हो भगवा पहलवान ने अपनी पोस्ट डिलीट ? मगर हम आपको बताना चाहते है कि उनकी क्रांतिकारी और टार्गेटेड पोस्ट के कई लोगों ने लिए है स्क्रीनशॉट खीच ? कहने वाले ने कहा ,हमे पता है पहलवान के दिल में अपने दोस्त को लेकर कूट कूट कर भरे है जज्बात ? मगर कभी कभी कोई हल्की सी मतलब या बेमतलब की बात भी कर देती है गेम खराब ? अभी तो पिक्चर बाकी है, अभी तो लगने कई चौके है ? पहलवान जी जरा सम्भाल कर चलो ? हाँ इन राहों में बड़े धोके है ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**